दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली । शनिवार 25 जनवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 37 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










# गाजियाबाद में इस बार अधिक उत्साह और उल्लास के साथ मनेगा

## प्रशासन ने बड़े स्तर पर आयोजित किए हैं कार्यक्रम, सब पर रहेगी प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी

## 76वां गणतंत्र दिवस

## दौड़ से लेकर रक्तदान और फल वितरण से लेकर राष्ट्रगान के होंगे आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम** : कल यानी रविवार को गणतंत्र दिवस है और 26 जनवरी को गाजियाबाद में 76वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस-प्रशासन के साथ ही अन्य संस्थाओं की ओर से राष्ट्रीय पर्व को पिछले वर्ष की तुलना में अधिक भव्य, दिव्य और कुशल ढंग से मनाने के लिए बीते दिनों बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में गाजियाबाद के 33 प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया था, जिसका मकसद 26 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर तैयारी उनका मंथन और उनकी गुणवत्ता में सुधार लाना रहा। गणतंत्र दिवस के मुख्य आयोजन की सभी प्रशासनिक जिम्मेदारी मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल संभालेंगे। तो जिलाधिकारी आएएस दीपक मीणा के निर्देश पर अन्य विभाग भी इसमें कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करेंगे। इसके साथ ही कई सामाजिक संस्थाएं, सिविल डिफेंस और अन्य सहयोगियों का साथ भी देखने को मिलेगा।

### जिला मुख्यालय से लेकर सरकारी कार्यालय होंगे तिरंगी रोशनी से जगमग



करंट क्राइम : गाजियाबाद जिला प्रशासन द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 22 जनवरी से लेकर 26 जनवरी की रात्रि तक गाजियाबाद के समस्त सरकारी भवनों जिला मुख्यालय से लेकर अन्य अधिकारियों के कार्यालयों और आवास पर तिरंगी थीम वाली लाइटिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। तो कई स्थानों और सार्वजनिक जगहों पर भी राष्ट्रीय पर्व की खुशी को लेकर प्रकाश की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। इस पूरी प्रक्रिया की जिम्मेदारी प्रभारी अधिकारी नजारत की रहेगी।

### हिंदी भवन में होगा भव्य कवि सम्मेलन



करंट क्राइम : 25 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर हिंदी भवन लोहिया नगर में शाम 07 बजे से भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन हिंदी भवन समिति द्वारा किया जाएगा। जिसमें राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर के कवियों को आमंत्रित किया गया है। कवि सम्मेलन में तमाम तरह की व्यवस्थाओं और इसको सकुशल संपन्न कराने के लिए सिविल डिफेंस का सहयोग रहेगा। तो वहीं हिंदी भवन में ही 26 जनवरी को शाम 06 बजे से कई अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। जिसमें अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर, अपर जिलाधिकारी और चीफ वार्डन सिविल डिफेंस उपस्थित रहेंगे।

### स्कूलों में होंगे देशभक्ति वाले कार्यक्रम और निकाली जाएंगी प्रभात फेरियां



करंट क्राइम : 26 जनवरी को प्रात साढ़े आठ बजे सभी शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं द्वारा जनपद के नगर, उपनगर में प्रभात फेरियां निकाली जाएगी। इस कार्यक्रम के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजियाबाद को निर्देशित किया गया है कि सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों और व्यवस्थापकों के साथ तालमेल बैठाकर वह राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली प्रभात फेरी एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक करने के लिए संपर्क करेंगे और इसे हर हाल में कुशलता के साथ पूरा करवाया जाएगा।

### लोनी, गाजियाबाद और मोदीनगर में शहीदों की मूर्ति पर होगी पुष्पांजलि

करंट क्राइम : गणतंत्र दिवस के अवसर पर जहां स्कूल-कॉलेजों, सरकारी कार्यालयों में देशभक्ति की थीम नजर आएगी। तो वहीं अपर जिला मजिस्ट्रेट गाजियाबाद मोदीनगर, लोनी को निर्देशित किया गया है कि वह तहसील क्षेत्र में जहां पर भी महापुरुषों और शहीदों की मूर्ति स्थापित है, वहां पुष्पांजलि कराए जाने का कार्यक्रम होगा। इसके साथ ही पूर्व की भांति यहां अधिकारिगण, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी गाजियाबाद से समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्रम में आने वाले अतिथियों और शहीदों के परिजनों को मिष्ठान, सम्मान चिन्ह, मोमेंटो आदि भी भेंट करने का काम करेंगे। इस कार्यक्रम की जिम्मेदारी नगर आयुक्त गाजियाबाद नगर निगम की रहेगी।

### सुबह आठ बजे जिलाधिकारी कैंप कार्यालय पर होगा ध्वजारोहण केडीबी के छात्र सुनाएंगे राष्ट्रगान



करंट क्राइम : गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी की सुबह आठ बजे जिलाधिकारी कैंप कार्यालय पर हर वर्ष की भांति ध्वजारोहण एवं सामूहिक राष्ट्रगान का कार्यक्रम किया जाएगा। कैंप कार्यालय पर राष्ट्रगान कार्यक्रम में केडीबी पब्लिक स्कूल कवि नगर के छात्रों द्वारा भाग दिया जाएगा। इसके बाद साढ़े आठ बजे जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट सभागार पहुंचेंगे और यहां प्रशासन की ओर से आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को आमंत्रित किया गया है। तो राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर उनके परिवार जनों को सम्मानित एवं पुरस्कृत करने का काम भी किया जाएगा। वहीं स्वतंत्रता सेनानियों का आदर एवं सत्कार कार्यक्रम भी जिला कलेक्ट्रेट में ही होगा। इस कार्यक्रम की जिम्मेदारी अपर जिला अधिकारी नगर को सौंपी गई है।

### सरकारी कार्यालयों पर सुबह साढ़े आठ बजे होगा ध्वजारोहण

करंट क्राइम : 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रात साढ़े आठ बजे जनपद के सभी राजकीय अर्ध राजकीय कार्यलयों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। इसके साथ ही सामूहिक राष्ट्रगान किया जाएगा और समस्त अधिकारी-कर्मचारी गण इस कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से शामिल होंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखंडता, धर्मनिरपेक्षता और सांप्रदायिक सौहार्द एवं स्वच्छता मिशन की भावनाओं को बल देने का काम किया जाएगा। इसके प्रभारी अधिकारी भी नजारत ही बनाए गए हैं।

### महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में होंगे खेल और दौड़ केआयोजन



करंट क्राइम : 26 जनवरी को देश राष्ट्री पर्व मना रहा होगा, तो युवाओं और बालक-बालिकाओं को भी खेलों से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित करने का कार्यक्रम रखा गया है। महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम परिसर और फील्ड पर जिला क्रीड़ा अधिकारी के नेतृत्व और निर्देशन में 5 किलोमीटर की दौड़ का आयोजन हिंडन नदी किनारे से वसुंधरा की तरफ सेक्टर एक अटल चौक तक किया जाएगा। यह दौड़ ढाई और 5 किलोमीटर की होगी। इसमें जिला विद्यालय निरीक्षक, पुलिस उपायुक्त यातायात, नगर मजिस्ट्रेट गाजियाबाद कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। साथ ही अलग-अलग रेस में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों और विजेताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए उन्हें पुरस्कार दिए जाएंगे। तो वही जिला कीड़ा अधिकारी को इस पूरे कार्यक्रम का समन्वय बनाने का निर्देश दिया गया है।

### कवि नगर रामलीला समिति जिला अस्पताल में वितरित करेगी फल



करंट क्राइम : देश 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का पर्व मनाएगा तो राष्ट्रीय पर्व को मनाने के लिए कई तरीके के आयोजन भी गाजियाबाद जिले के अलग-अलग कोने में होंगे। इसी कड़ी में श्री धार्मिक रामलीला समिति कवि नगर द्वारा एमएमजी जिला अस्पताल गाजियाबाद के जनरल-आपातकालीन वार्ड में महिला एवं भर्ती पुरुषों को फल वितरित किया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी वित्त गाजियाबाद जिला प्रशासन की ओर से प्रतिभागी करेंगे। साथ ही श्री धार्मिक रामलीला समिति कवि नगर के अध्यक्ष भी फल वितरण कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। तो वहीं संजय नगर संयुक्त अस्पताल में भी सुबह साढ़े 11 बजे इसी तरीके का कार्यक्रम नगर मजिस्ट्रेट गाजियाबाद चंद्रेश कुमार सिंह अपर उप जिलाधिकारी और चीफ वार्डन सिविल डिफेंस के द्वारा भी किया जाएगा।

### मनन धाम शहीद स्मारक पर पुलिसकर्मी देंगे सलामी



करंट क्राइम : 26 जनवरी के अवसर पर मनन धाम और रेलवे लाइन के मध्य स्थित शहीद स्मारक पर सुबह 11 बजे पुलिस गारद द्वारा शहीद स्मारक पर सशस्त्र सलामी दी जाएगी। शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि भी दी जाएगी। इस अवसर पर नगर निगम गाजियाबाद क्षेत्र में रहने वाले शहीदों के परिजनों, सदस्यों को शहीद स्मारक पर लाकर सम्मानित करने के लिए आमंत्रित कर दिया गया है। आयोजन में नगर आयुक्त नगर निगम और उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, तहसीलदार सदर और आरआई पुलिस लाइन गाजियाबाद को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### स्कूल-कॉलेजों और शिक्षण संस्थानों में गूंजेगा जन-गण-मन



करंट क्राइम : प्रशासनिक अधिकारियों ने शिक्षा विभाग और अन्य सरकारी अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए समस्त शिक्षण संस्थानों में सुबह 10 बजे तक अनिवार्य रूप से ध्वजारोहण कार्यक्रम सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया गया है। वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा समस्त छात्राओं को स्वतंत्रता संग्राम की इतिहास से अवगत कराते हुए इस अवसर पर जन-गण-मन का सामूहिक गान करवाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सशस्त्र सैन्य बलों के बलिदान को नमन करते हुए देशभक्ति गीत, नाटक, विचार गोष्ठी, निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद प्रतियोगिता कराने के भी निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए समस्त उप जिलाधिकारीगण एवं जिला विद्यालय निरीक्षक गाजियाबाद की जिम्मेदारी की गई है।

### कुष्ठ आश्रम हिंडन तट पर बांटे जाएंगे फल, तो सरकारी मुख्यालयों पर होगा ध्वजारोहण



करंट क्राइम : 26 जनवरी को प्रशासन की कोशिश है कि हर बिल्डिंग और हर स्थान पर देश की आन-बान-शान और तिरंगा लहराता हुआ नजर आए। इसके लिए जगह-जगह और हर सरकारी कार्यालय चाहे वह उप जिला अधिकारी का हो या नगर निगम मुख्यालय से लेकर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का मुख्य भवन हो। इसके साथ ही अन्य विभागों के अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है कि वह अपने कार्यालयों पर अवश्य 26 जनवरी को ध्वजारोहण करेंगे। वहां राष्ट्रीय गीत और राष्ट्रगान आयोजित कराए जाए। इसके साथ ही तिरंगी थीम पर वहां की सजावट भी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही करीब सुबह 12 बजे कुष्ठ आश्रम हिंडन नदी निवास पर रहने वाले व्यक्तियों को फल वितरित करने का काम के वार्डन सिविल डिफेंस गाजियाबाद में अन्य सामाजिक संस्थाओं द्वारा किया जाएगा। इसमें अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व और चीफ वार्डन सिविल डिफेंस गाजियाबाद मुख्य रूप से शामिल होंगे।

### वसुंधरा में आश्रय गृह के बच्चों को बांटी जाएंगी खुशियां



करंट क्राइम : 26 जनवरी को देश राष्ट्रीय पर्व मना रहा होगा। तो वसुंधरा सेक्टर-01 में लाल बहादुर शास्त्री सुदर्शनम खुला बाल आश्रय गृह में 12 :30 बजे फल वितरण कार्यक्रम सिविल डिफेंस के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। इसमें जिला प्रशासन की ओर से अपर जिला अधिकारी भू उपस्थित होंगे और वह कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों के साथ मौजूद रहेंगे और उनको अपना आशीर्वचन भी प्रदान करेंगे।

### रक्तदान शिविर का भी होगा आयोजन



करंट क्राइम : प्रशासन जहां 26 जनवरी के कार्यक्रम को भव्यता और देशभक्ति के रंग से रंगने का काम करेगा। तो इस दौरान दूसरों की मदद की भावना का प्रदर्शन भी किया जाएगा। जिला चिकित्सालय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें सामाजिक संस्थाओं का सहयोग और उनका साथ में भी रखा जाएगा। इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद को जिम्मेदारी सौंपी गई है।



" गाजियाबाद जिला प्रशासन इस बार 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक करने के लिए पूर्व में तैयारी कर चुका है। 26 जनवरी को पूरे गाजियाबाद का नजारा और माहौल देशभक्ति से रंगा हुआ नजर आएगा।

**दीपक मीणा,**
**जिलाधिकारी गाजियाबाद**

# संजीव गुप्ता ने बढ़ाया गाजियाबाद का देश और प्रदेश में मान, समरकूल चेयरमैन का मुख्यमंत्री ने किया राज्य पुरस्कार से सम्मान









**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संजीव गुप्ता ने सही मायनों में अपने शहर को एक अलग पहचान दी है। उन्होंने अपने व्यवहार से अपने कारोबार से अपनी एक अलग पहचान बनाई है। संजीव गुप्ता उन चंद लोगों में हैं जो गाजियाबाद के मान सम्मान के लिये काम कर रहे हैं। संजीव गुप्ता अपने व्यवहार से अपने कार्यों से अपनी एक अलग पहचान रखते हैं। वो लगातार बड़े मंचों पर सम्मानित हो रहे हैं। इस बार उन्होंने एक ऐसा शॉट मारा है जिससे गाजियाबाद की एक पहचान बनी है। उन्हें राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। शुक्रवार को अवध शिल्पग्राम लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार के एमएसएमई विभाग द्वारा आयोजित वृहद प्रदेश स्तारीय समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव गुप्ता को राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

राज्य पुरस्कार मिलने पर संजीव गुप्ता ने कहा कि यह सम्मान पूरे गाजियाबाद का सम्मान है। यह सम्मान पूरे समरकूल ग्रुप का सम्मान है और यह सम्मान बिजनेस में हमारी नीतियों, गुणवत्ता का सम्मान है। उन्होंने बताया कि लगभग एक वर्ष पहले समरकूल ने प्रदेश सरकार की ओर से आयोजित इनवेस्टर समिट में भाग लिया था। समरकूल ने प्रदेश सरकार के समक्ष इन्वेस्टमेंट का एक बड़ा करार साइन किया था और समरकूल ने अपनी उत्पादन की क्षमता और गुणवत्ता के साथ-साथ रोजगार सृजन के मानदण्डों को स्थापित करते हुए पूरे उत्तर प्रदेश में इलैक्ट्रीकरण श्रेणी में राज्य पुरस्कार प्राप्त करने के लिये अपना स्थान बनाया है। संजीव गुप्ता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा राज्य पुरस्कार प्रदान किये जाने पर आभार व्यक्त किया और उन्होंने एमएसएमई विभाग का भी धन्यवाद किया। संजीव गुप्ता ने कहा कि पुरस्कार पाकर उनमें कुछ कर गुजरने का हौंसला पहले से ज्यादा बुलंद हुआ है। उन्होंने कहा कि जल्द ही आपको समरकूल की तेजी से बढ़ती ग्रोथ देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह सरकार उद्योग जगत के हितों को ध्यान में रखकर काम कर रही है। प्रदेश में भयमुक्त माहौल है। जिसके फलस्वरूप उत्तर प्रदेश में बड़े-बड़े उद्योगों को लगाने की होड़ सी मची हुई है।

### इलैक्ट्रीकल श्रेणी में केवल समरकूल को मिला बेहतर उत्पादन और रोजगार सृजन के लिये राज्य पुरस्कार

**करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश में इलैक्ट्रीकल श्रेणी में यह राज्य पुरस्कार केवल समरकूल होम एप्लाइंसेज लिमिटेड गाजियाबाद को ही प्राप्त हुआ है। बेहतर उत्पादन एवं रोजगार का सृजन करने के लिये समरकूल को यह पुरस्कार दिया गया है। लखनऊ में आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये प्रदेश के स्थापित उद्योगपतियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में राज्य पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया है। ताकि प्रदेश में रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर सृजित किये जा सके।

### मुख्यमंत्री ने तीन महीने पहले सौंपा था 30 करोड़ का चेक

**करंट क्राइम।** समरकूल ग्रुप ने कारोबार के क्षेत्र में ऊचाइयां हासिल की है। समरकूल ग्रुप इस लक्ष्य को अपने चेयरमैन संजीव गुप्ता के नेतृत्व में हासिल कर सका है। संजीव गुप्ता एक विजनरी उद्योगपति हैं। उन्होंने हमेशा अपने उत्पाद की गुणवत्ता, बाजार में उपलब्धता और उत्तर श्रेणी का ध्यान रखा। बड़ी बात ये है कि वो कारोबार के साथ-साथ सामाजिक सरोकार और धार्मिक संस्कार से औतप्रोत उद्योगपति हैं। उनके लिये राष्ट्र सर्वोपरि है। उनके लिये सनातन संस्कार प्रथम हैं और एक सुचिता के साथ वो अपने कारोबार पर फोकस करते हैं। यही वजह है कि लगभग तीन महीने पहले गाजियाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव गुप्ता को समरकूल की ग्रोथ एवं उत्पादन विस्तार के लिये 30 करोड़ रुपए का चेक सौंपा था।

# संगम में अब तक 11 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

## मेले में जाने वाले सभी मार्गों पर लंबा जाम




**प्रयागराज।** महाकुंभ में 12 दिनों में अब तक करीब 11 करोड़ श्रद्धालु पवित्र संगम में डुबकी लगा चुके हैं। श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। महाकुंभ का स्नान 13 जनवरी पौष पूर्णिमा के साथ शुरू हुआ है। दूसरे स्नान पर्व मकर संक्रांति पर साढ़े तीन करोड़ से अधिक भक्तों ने संगम में डुबकी लगाई थी। विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम महाकुंभ में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। स्थिति यह है कि महाकुंभ मेला में जाने वाले सभी मार्गों पर लंबा जाम लगा हुआ है। गाड़ियां चींटी की तरह रेंग रही हैं। बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी जाम में फंसकर परेशान हो रहे हैं। मेला क्षेत्र के बाहर बनाए गए सभी पार्किंग में वाहनों को खड़ा कराया जा रहा है। जाम खुलवाने में पुलिस और ट्रैफिक के सिपाहियों के पसीने छूट जा रहे हैं। बृहस्पतिवार को रात्रि 12 बजे तक 10 करोड़ 20 लाख श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके थे। शुक्रवार को आंकड़ा 11 लाख के करीब पहुंच गया है।

महाकुंभ में 12 दिनों में अब तक करीब 11 करोड़ श्रद्धालु पवित्र संगम में डुबकी लगा चुके हैं। श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। महाकुंभ का स्नान 13 जनवरी पौष पूर्णिमा के साथ शुरू हुआ है। दूसरे स्नान पर्व मकर संक्रांति पर साढ़े तीन करोड़ से अधिक भक्तों ने संगम में डुबकी लगाई थी। 23 जनवरी को जारी बुलटिन के अनुसार शुक्रवार को 10 लाख कल्पवासी और 42 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा-यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में पुण्य की डुबकी लगाई। मौनी अमावस्या पर 10 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। सरकारी सूत्रों की मानें तो महाकुंभ के इस 45 दिनों के आयोजन में 42 से 45 करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है।



# उपराष्ट्रपति ने सीएम युवा उद्यमी योजना का किया शुभारंभ

## बोले: बीते आठ साल में उत्तम प्रदेश बना उत्तर प्रदेश






**लखनऊ।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में आयोजित तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवस समारोह का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना का उद्घाटन किया और पांच युवाओं को लोन वितरित किया। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बीते आठ साल में यूपी उत्तम प्रदेश बन गया है। यहां पर अनलिमिटेड पोटेंशियल और सुखद वातावरण है। 2018 से राज्य की स्थापना दिवस मनाने की परंपरा अद्भुत है। आज जो योजना मैंने लांच की है वह आज की जरूरत है। मुख्यमंत्री योगी ने अपना उद्यम शुरू करने को आसान बनाया है। इस योजना से अगले 10 साल में 10 लाख उद्यमी ही नहीं बनेंगे बल्कि अन्य के लिए अवसर भी बनायेंगे। ये लोग दूसरों को रोजगार देंगे। यह आयोजन, प्रदेश के 75 जिलों में हो रहा है। यह प्रदेश के पहचान और अस्मिता की अभिव्यक्ति है। जो पहले नहीं था, आज है। न्होंने कहा कि यूपी लगातार प्रगति के पथ पर बढ़ रहा है। यूपी में यह आसान नहीं था, अकल्पनीय था। यह परिवर्तन प्रदेश के चमत्कारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया है। इसके लिए उन्हें साधुवाद है।

### मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत पांच युवाओं को लोन दिया गया

- लखनऊ के आकाश अवस्थी को कंप्यूटर सेंटर चलाने के लिए पहला लोन दिया गया।
- अयोध्या के कृष्ण कुमार वर्मा को दूसरा लोन दिया गया।
- अमरोहा के अमित कुमार को डिजिटल लाइब्रेरी के लिए लोन दिया गया।
- अमरोहा की ही सोनल शर्मा को अकाउंटिंग सर्विस के लिए लोन दिया गया।
- गोरखपुर के अक्षांश सिंह को फ्लोर क्लीनर के लिए लोन दिया गया।

उप राष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की जो प्रगति हुई है वो बेमिसाल है। कोई राष्ट्र इतना तेजी से नहीं बढ़ा है। जल्द ही भारत महाशक्ति बनेगा। भारत अभी विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है जल्द ही यह विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

उन्होंने मुख्यमंत्री योगी की तारीफ करते हुए कहा कि अगर सारथी मजबूत हो तो विकास गुणात्मक होता है। प्रदेश की कमान योगी के सबल हाथों में है। यूपी उत्तम प्रदेश बन गया है। योगी 26 साल से जनसेवा कर रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि यहां पर आकर मैंने प्रदेश की संस्कृति देखी है। मैं एक फरवरी को पूरे परिवार के साथ महाकुंभ में डुबकी लगाऊंगा। आशीर्वाद प्राप्त करूंगा। यह मेरा गौरव होगा। संकल्प लूंगा कि जितनी सेवा इस राष्ट्र की की जाए वह कम है। यूपी के लोगों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देता हूं। सीएम ने विस्तार से यूपी के बारे में बताया है।

## न्यूज डायरी

### यमुना साफ करके दिखाएंगे, रोडमैप तैयार हो गया है : आप नेता हरजोत सिंह बैंस



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों के लिए पंजाब सरकार के मंत्री प्रचार कर रहे हैं। पंजाब के मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने कृष्णा नगर विधानसभा से उम्मीदवार विकास बग्गा के लिए शुक्रवार को चुनावी सभा की। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोगों के दिलों में केजरीवाल बसते हैं। केजरीवाल ने कई मंचों से कहा है कि बीते पांच साल में जो कार्य अधूरे रह गए थे, उन कार्यों को अगले पांच साल में पूरे किए जाएंगे। अधूरे कार्यों में यमुना की सफाई भी है। यमुना को अगले पांच साल में साफ किया जाएगा। इसके लिए रोडमैप तैयार कर लिया गया है। अगर बीते पांच साल में भाजपा हमारी पार्टी के नेताओं को जेल में नहीं डालती तो बीते कार्यकाल में यमुना साफ हो जाती। उन्होंने कहा कि जनता मौका देगी तो यमुना की सफाई भी होगी। दिल्ली चुनाव को लेकर 12-13 विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाएं कर चुके बैंस ने कहा, पिछले 8-10 दिन से दिल्ली की हर विधानसभा का दौरा कर रहा हूं। वहां हम जनसभाएं, पदयात्राएं और रोड शो कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल दिल्ली के दिल में बसते हैं और कृष्णा नगर विधानसभा से हमारे उम्मीदवार इस चुनाव में भारी अंतर से जीत रहे हैं। यहां पर एकतरफा मुकाबला है। भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है। अरविंद केजरीवाल कहते हैं कि भाजपा गाली-गलौच करने वाली पार्टी बनकर रह गई है। कृष्णा नगर से आप उम्मीदवार विकास बग्गा ने कहा, हमें जनता से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। लोग केजरीवाल, आप के काम और मौजूदा विधायक एस.के. बग्गा के काम से बहुत खुश हैं। हम जैसे-जैसे लोगों से जुड़ रहे हैं, वे उतनी ही तेजी से हमारे साथ जुड़ रहे हैं।

### 'आम आदमी पार्टी' के लिए प्रचार करेंगे हनुमान बेनीवाल



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद हनुमान बेनीवाल ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने दिल्ली विधानसभा चुनाव और देश के राजनीतिक हालात पर चर्चा की। हनुमान बेनीवाल ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की तरफ से दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी को अपना पूर्ण समर्थन दिया और 'आप' के समर्थन में चुनाव प्रचार करने का भी भरोसा दिया। इस मुलाकात को लेकर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हनुमान बेनीवाल मुझसे मिलने के लिए आए। वो पहले ही दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी को समर्थन देने का ऐलान कर चुके हैं। आम आदमी पार्टी ईमानदारी और सच्चाई के साथ खड़ी है। उन्होंने हमें समर्थन भी इसलिए दिया है, क्योंकि हम ईमानदारी और सच्चाई के साथ खड़े हैं। इसके लिए मैं उनका तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं। इससे पहले अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "हनुमान बेनीवाल ने खुलकर आम आदमी पार्टी को दिल्ली चुनाव में समर्थन का ऐलान किया है।

# हाथरस बिटिया प्रकरण: राहुल गांधी की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, मानहानि का परिवाद दायर



**हाथरस।** परिवादी की ओर से राहुल गांधी को विधिक नोटिस भेजा गया था और अपने शेष जीवन को सुगम बनाने को प्रतिकर के रूप में 50 लख रुपए की मांग की थी। विधिक नोटिस के तामील होने के बावजूद जवाब भी नहीं भेजा। लोकसभा सांसद एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। हाथरस के एसीजेएम, एमपी एमएलए कोर्ट दीपक नाथ सरस्वती के न्यायालय में राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का परिवाद दाखिल हुआ है।

न्यायालय ने परिवादी के बयानों के लिए 10 फरवरी की तिथि नियत की है। वरिष्ठ अधिवक्ता मुन्ना सिंह पुंढीर ने बताया कि थाना चंदपा क्षेत्र के गांव बूलगढ़ी निवासी रामकुमार उर्फ रामू की ओर से परिवाद दाखिल किया गया है। परिवाद में कहा गया है कि न्यायालय के निर्णय के बावजूद भी वोट की राजनीति के लिए जातिगत विद्वेष के लिए कारण 12 दिसंबर 2024 को शांत एवं स्थिर गांव बूलगढ़ी का दौरा कर मृत मुद्दे को पुनर्जीवित करने को जानबूझकर परिवादी को समाज में अपमानित एवं चारित्रिक हनन के उद्देश्य से अवैधानिक लाभ के लिए सोशल मीडिया पर अपने एक्स हेंडिल पर बयानबाजी की।

परिवाद में कहा गया कि न्यायालय के निर्णय 2 मार्च 2023 की एवं जानकारी होने के बावजूद भी बोले कि हाथरस बिटिया प्रकरण में पीड़िता के परिवार को घर में बंद रखना और आरोपियों का खुलेआम घूमना बाबा साहब के संविधान की मूल भावना के खिलाफ है। राहुल गांधी ने वीडियो एवं पोस्ट अपलोड की। परिवादी की ओर से राहुल गांधी को विधिक नोटिस भेजा गया था और अपने शेष जीवन को सुगम बनाने को प्रतिकर के रूप में 50 लख रुपए की मांग की थी। विधिक नोटिस के तामील होने के बावजूद जवाब भी नहीं भेजा। न्यायालय में परिवादी के बयानों के लिए 10 फरवरी की तिथि नियत की है।

# गाजियाबाद में एल्विश के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश

## पीएफए कार्यकर्ता ने जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में अपर जिला जज जूनियर डिवीजन ने एल्विश यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। यह आदेश पीपुल फॉर एनिमल्स से जुड़े कार्यकर्ता की याचिका पर आया है। कार्यकर्ता ने कोर्ट में बताया कि उन्हें और उनके भाई को जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। पीएफए कार्यकर्ता गौरव गुप्ता ने बताया कि उनके भाई सौरव गुप्ता पहले ही एल्विश यादव के खिलाफ गुरुग्राम में मुकदमा दर्ज करा चुके हैं। गौरव खुद नोएडा में एल्विश के खिलाफ दर्ज गंभीर मुकदमे के वादी हैं। दोनों भाइयों को सोशल मीडिया पर 'एल्विश आर्मी' के नाम से लगातार धमकियां मिल रही थीं, जिसके कारण सौरव को अपना फेसबुक अकाउंट भी बंद करना पड़ा।

याचिका में कहा गया है कि उनकी रेकी की जा रही है और उनकी सोसाइटी में संदिग्ध लोग घूम रहे हैं। उन्होंने उमेश पाल हत्याकांड और सिद्धू मूसेवाला जैसी घटनाओं का हवाला देते हुए सुनियोजित हमले की आशंका जताई है। थाने में शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट ने धारा 173(4) इठरर के तहत याचिका स्वीकार करते हुए नंदग्राम थाना प्रभारी को आवेदन में दिए गए तथ्यों के आधार पर उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने और जांच करने का आदेश दिया है।

### कांग्रेस का पूर्वांचल वोटरों को लुभाने के लिए नया दांव

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के लिए राजनीतिक दलों के नेता मतदाताओं को लुभाने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने पूर्वांचल के मतदाताओं को लुभाने के लिए नया दांव खेला है। कांग्रेस ने ऐलान किया है कि यदि पार्टी दिल्ली में सत्ता में आई तो पूर्वांचल के लोगों के लिए अलग मंत्रालय बनाया जाएगा। दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर बिहार के कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने ये जानकारी दी। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी और भाजपा पर निशाना साधा।

# महाराष्ट्र की भंडारा आयुध फैक्टरी में विस्फोट, आठ की मौत, सात को भर्ती कराया






**महाराष्ट्र।** एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि मैं काम पर जा रहा था और मैंने हवा में मलबा उड़ते देखा। एक टुकड़ा मेरे पास आकर गिरा, मैं वहां से भाग गया। मैंने आग और धुआं निकलते देखा। मैंने बहुत तेज धमाका सुना। पूरी इमारत उड़ गई। महाराष्ट्र के भंडारा जिले में शुक्रवार को सुबह एक आयुध फैक्टरी में विस्फोट हो गया। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि सात को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आयुध फैक्टरी में विस्फोट के कारण एक इकाई की छत गिरने से कई श्रमिक फंस गए। उन्होंने विस्फोट में जान गंवाने वालों के लिए शोक भी व्यक्त किया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भंडारा में आयुध फैक्ट्री में बड़ा विस्फोट हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस घटना में 8 लोगों की मौत हो गई है और 7 लोग घायल हैं। गडकरी ने जान गंवाने वालों को एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट किया कि घटना के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। बचाव दल घटनास्थल पर तैनात हैं। प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

### कांग्रेस ने मोदी सरकार को घेरा

विस्फोट पर महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह मोदी सरकार की विफलता है।

### प्रत्यक्षदर्शी ने सुनाई आपबीती

एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि मैं काम पर जा रहा था और मैंने हवा में मलबा उड़ते देखा। एक टुकड़ा मेरे पास आकर गिरा, मैं वहां से भाग गया। मैंने आग और धुआं निकलते देखा। मैंने बहुत तेज धमाका सुना। पूरी इमारत उड़ गई।

रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि घटनास्थल पर जीवित बचे लोगों के लिए बचाव और चिकित्सा दल तैनात किए गए हैं। इससे पहले जिलाधिकारी संजय कोल्टे ने बताया कि विस्फोट सुबह करीब साढ़े 10 बजे आयुध के परिसर में हुआ। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट जवाहर नगर इलाके में स्थित फैक्टरी के ह्यएलटीपी सेक्शनह्ल में हुआ। विस्फोट के समय ह्यएलटीपी सेक्शनह्ल में 14-15 कर्मचारी काम कर रहे थे, जिनमें से तीन को बचा लिया गया और एक की मौत हो गई। अग्निशमन दल और एंबुलेंस को मौके पर भेज दिया गया है। छत ढह गई है, जिसे जेसीबी की मदद से हटाया जा रहा है।

### हर तरह की मदद मुहैया कराई जा रही: फडणवीस

हादसे की खबर आते ही फडणवीस ने दुख जताया। उन्होंने कहा, 'भंडरा जिले में आयुध फैक्टरी में हुए विस्फोट में छत गिरने से 13 से 14 श्रमिकों के फंसने की खबर है। अब तक मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दुर्भाग्य से एक श्रमिक की मौत हो गई है। कई श्रमिकों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक मौके पर हैं और हर तरह की मदद मुहैया कराई जा रही है। बचाव अभियान के लिए एसडीआरएफ और नागपुर नगर निगम की टीमों को भी बुलाया गया है और वे जल्द ही पहुंच जाएंगी। जिला प्रशासन रक्षा बलों के साथ समन्वय में बचाव अभियान में शामिल है। चिकित्सा सहायता के लिए भी टीमों को तैयार रखा गया है।

# वक्फ संशोधन बिल पर जेपीसी की बैठक में हंगामा

## 10 विपक्षी सांसद दिनभर के लिए समिति की सदस्यता से निलंबित



**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर संसद परिसर में हुई जेपीसी की बैठक पर कल्याण बनर्जी ने कहा कि बैठक में अघोषित आपातकाल जैसा माहौल चल रहा है। सभापति इस बैठक को आगे बढ़ा रहे हैं और वह किसी की नहीं सुन रहे हैं। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि विपक्ष की सोच और नजरिया उजागर हो गया है। उन्होंने मीरवाइज के सामने हंगामा किया और बदसलूकी की। वक्फ संशोधन विधेयक पर संसदीय समिति की बैठक शुक्रवार को जमकर हंगामा हुआ। हंगामा थमता न देख समिति के 10 सांसदों को पूरे दिन के लिए कमेटी की सदस्यता से निलंबित कर दिया गया। इससे पहले बैठक के दौरान विपक्षी सदस्यों ने दावा किया कि उन्हें मसौदा कानून में प्रस्तावित बदलावों का अध्ययन करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया जा रहा है। आज भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली जेपीसी कश्मीर के मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के विचार सुनने वाली थी। मीरवाइज को बुलाने से पहले चर्चा में हंगामा मीरवाइज को बुलाने से पहले समिति के सदस्यों ने आपस में चर्चा की और इसी दौरान विपक्षी नेताओं के साथ बैठक में हंगामा हो गया। विपक्षी सदस्यों ने दावा किया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा वक्फ संशोधन विधेयक पर रिपोर्ट को जल्द स्वीकार करने पर जोर दे रही है। बैठक के दौरान तीखी बहस के कारण कार्यवाही कुछ देर के लिए स्थगित कर दी गई। मीरवाइज के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल समिति की बैठक फिर से शुरू होने के बाद उसके सामने पेश हुआ।

### आरोप-प्रत्यारोप का दौर

तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी और कांग्रेस के सैयद नासिर हुसैन बैठक से बाहर निकल आए। उन्होंने कहा कि समिति की कार्यवाही तमाशा बन गई है। उन्होंने मांग की कि प्रस्तावित संशोधनों पर खंडवार विचार करने के लिए 27 जनवरी को होने वाली बैठक को 30 जनवरी या 31 जनवरी तक के लिए टाल दिया जाए। निशिकांत दुबे ने विपक्षी सदस्यों की आलोचना करते हुए कहा कि उनका आचरण संसदीय परंपरा के खिलाफ है और वे बहुमत की आवाज को दबाने की कोशिश कर रहे हैं।

### सभी 10 विपक्षी सांसद दिनभर के लिए निलंबित

बैठक में हुए हंगामे के बाद वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक से सभी 10 विपक्षी सांसदों को दिनभर के लिए निलंबित कर दिया गया। निलंबित विपक्षी सांसदों में कल्याण बनर्जी, मोहम्मद जावेद, ए राजा, असदुद्दीन ओवैसी, नासिर हुसैन, मोहिबुल्लाह, एम अब्दुल्ला, अरविंद सावंत, नदीमुल हक, इमरान मसूद शामिल हैं।

### निशिकांत दुबे ने पेश किया निलंबन प्रस्ताव

भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने विपक्षी सदस्यों को निलंबित करने का प्रस्ताव पेश किया। इसे समिति ने स्वीकार कर लिया। भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी ने दावा किया कि विपक्षी सदस्यों का आचरण शर्मनाक था, क्योंकि वे बैठक के दौरान लगातार हंगामा कर रहे थे और असंसदीय भाषा का इस्तेमाल कर रहे थे।

### मीरवाइज ने क्या कहा?

समिति के समक्ष पेश होने से पहले मीरवाइज ने कहा कि वह वक्फ संशोधन विधेयक का कड़ा विरोध करते हैं और धर्म के मामलों में सरकार के हस्तक्षेप नहीं करने का समर्थन करते हैं।

# यमुना की सफाई के नाम पर केजरीवाल ने 20,000 करोड़ डकारे : मनोज जिंदल



**नई दिल्ली।** दिल्ली की सदर बाजार विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार मनोज जिंदल ने शुक्रवार को चुनाव प्रचार के दौरान आम आदमी पार्टी सरकार और अरविंद केजरीवाल पर यमुना के प्रदूषण को लेकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि केजरीवाल ने यमुना की सफाई के नाम पर करीब 20,000 करोड़ रुपये डकार लिए।

दिल्ली चुनाव में अब सिर्फ 10 दिन का समय बचा है। ऐसे में भाजपा के प्रत्याशियों ने अपना चुनावी अभियान तेज कर दिया है। दिल्ली में भाजपा के स्टार प्रचारकों की रैलियां हो रही हैं। चुनाव प्रचार के लिए यहां आए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा था कि प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान मैंने अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ संगम का स्नान किया, क्या केजरीवाल दिल्ली के कैबिनेट मंत्रियों के साथ यमुना में स्नान करेंगे? सीएम योगी के इस बयान के बाद भाजपा प्रत्याशी मनोज जिंदल ने कहा, सीएम योगी ने कुछ गलत नहीं कहा। पिछले 11 साल से दिल्ली के भ्रष्टाचारी मुख्यमंत्री ने यमुना को गंदा का गंदा ही छोड़ा और करीब 20 हजार करोड़ रुपये डकार लिए और यमुना अभी तक साफ नहीं हुई। वहीं, दूसरी तरफ सीएम योगी ने प्रयागराज में महाकुंभ के अंदर अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ कुंभ में स्नान किया है। मंत्रिमंडल नहीं तो केजरीवाल खुद ही स्नान करके दिखाएं। भाजपा प्रत्याशी ने कहा, दिल्ली में लोगों को छठ पूजा करने से दूर कर दिया। आज छठ पूजा करने वाले लोग यमुना के अंदर डुबकी नहीं लगा सकते। चुनाव के समय केजरीवाल सिर्फ बड़े-बड़े वादे करते हैं। जनता उनको कितना मौका देगी? अगर कोई विशुद्ध भ्रष्टाचारी है, तो वह अरविंद केजरीवाल और उसके विधायक हैं। भाजपा के जीत का दावा करते हुए उन्होंने कहा, ₹मीडिया को भी दिल्ली की टूटी सड़कों और सीवर ओवरफ्लो की समस्या को दिखाना चाहिए। केजरीवाल ने दिल्ली को 11 साल में नर्क बना दिया है। वैश्विक मंचों पर राष्ट्रीय राजधानी की छवि खराब कर दी है। इस बार बदलाव हो रहा है और सभी 70 विधानसभा सीटों पर भाजपा जीत दर्ज करने वाली है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...



करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Pooja Sharma

सम्भल के रहो ऐसे लोगों से जिनके दिल में भी दिमाग होता है
राधे राधे



# उत्तर प्रदेश अब बन रहा है देश का सर्वोत्तम प्रदेश : सांसद अतुल गर्ग

## हमें गर्व है कि हम उस प्रदेश के वासी हैं, जहां अयोध्या, मथुरा और काशी हैः महापौर सुनीता दयाल

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को उत्तर प्रदेश दिवस को गाजियाबाद में भी धूमधाम और पूरे उल्लास के साथ मनाया गया। लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में यूपी स्थापना दिवस अवसर पर रंगारम सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। तो वहीं अलग-अलग विभागों के 23 स्टॉल लगाकर अलग संदेश देने का काम किया गया। इस मौके पर भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयन्ती पर आधारित प्रदर्शनी, बेटी बचाओ–बेटी पढाओ, नारी सुरक्षा आदि, मिशन शक्ति पर आधारित प्रदर्शनी, अटल बिहारी बाजपेयी शताब्दी वर्ष पर आधारित प्रदर्शनी के अन्तर्गत जनपद के उत्पादों की प्रदर्शनी एवं उत्पादों का विक्रय, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर आधारित प्रदर्शनी, इनवेस्ट उत्तर प्रदेश द्वारा वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनामी पर आधारित प्रदर्शनी, प्रगतिमान उत्तर प्रदेश पर आधारित प्रदर्शनी, आपातकाल पर आधारित प्रदर्शनी, जनपद की कला संस्कृति एवं इतिहास पर आधारित प्रदर्शनी, काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित प्रदर्शनी, जनपद के पर्यटन एवं पौराणिक स्थलों की प्रदर्शनी, महापुरूषों, महान क्रांतिकारियों एवं स्वतंत्रता सेनानियों की प्रदर्शनी एवं सभी विभागों द्वारा अपने–अपने विभाग की योजनाओं से सम्बन्धित प्रदर्शनी लगायी गयी। इस मौके पर राष्ट्रीय बालिका दिवस पर प्रदर्शनी व सेल्फी पॉइन्ट भी बनाया गया, जहां आगुन्तकों द्वारा सेल्फी ली गयी। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर छात्राओं को सम्मानित किया भी किया गया। मुख्य अतिथि सांसद अतुल गर्ग ने सभी प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। उन्होनें कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस पर ऐसा भव्य व सुन्दर आयोजन ऐतिहासिक, आयोजनकताओं ने सराहनीय कार्य किया है। इस मौके पर सांसद अतुल ने कहा है कि उत्तर प्रदेश अब देश का सर्वोत्तम प्रदेश बन रहा है।







### सांस्कृतिक कार्यक्रमों से आनन्दमयी हुए दर्शक

**करंट क्राइम।** हिन्दी भवन में आयोजित कार्यक्रम व समारोह का मुख्य अतिथि और गणमान्यों की उपस्थिति में द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभाम्भ किया गया। गणमान्य अतिथियों का स्वागत पौधा व सम्मान चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत की समृद्धि को दशार्ने वाले कार्यक्रम, सरस्वती व गणेश वंदना, कथक, भरतनाट्यम, महाकुंभ से सम्बंधित प्रस्तृतियां, गायन, सितार वादन, शास्त्रीय नृत्य सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। सांस्कृतिक कार्यक्रमों दर्शक से आनन्दमयी हुए, जिनकी तालियों की ध्वनि से सभागार गूंज उठा।

### उत्तर प्रदेश अब सर्वोत्तम प्रदेश बन गया हैं: सांसद अतुल गर्ग

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब उत्तम प्रदेश बन गया हैं और विकास पथ पर निरंतर अग्रसर है। पहले लोग छोटे–छोटे धार्मिक आयोजन को करने व उनमें जाने से कतराते थे किन्तु आज वर्तमान सरकार के नेतृत्व में महाकुंभ का विशाल आयोजन किया जा रहा है। जहां युवाओं के साथ–साथ, छोटे–बड़े, महिलाएं–वृद्ध सभी निर्भर होकर जा रहे हैं और गंगा स्नान कर पुण्य लाभ कमाते हुए वर्तमान सरकार को साधुवाद दे रहे हैं।

### लाभार्थियों को किया सम्मानित व पुरस्कृत

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में इन्टरमीडिएट–2024 टॉप–25 मेधावी छात्राओं को सम्मानित व पुरस्कृत किया गया। साथ ही लखपति दीदी, उत्कृष्ठ कार्य करने वाले राजस्व अधिकारी/कर्मचारियों, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थियों, ओडीओपी के लाभार्थियों को टूलकिट, सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान के लाभार्थियों को चैक व पंजाब नेशनल बैंक द्वारा सराहनीय कार्य करने के लिए डीजीएम पीएनबी को पुरस्कार, कृषि विभाग द्वारा प्रगतिशील किसानों को प्रशस्ति पत्र, कौशल विकास मिशन द्वारा लाभार्थियों को टैबलेट, जिला ग्रामोद्योग द्वारा प्रधानों को उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए हेतु पुरस्कार सहित अन्य विभागों द्वारा लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र, चैक सहित अन्य पुरस्कार दिये गये। कार्यक्रम के अंत में समारोह को सकुशल सम्पन्न कराने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया।





### हमें गर्व है कि हम उस उत्तर प्रदेश के वासी हैं: महापौर सुनीता दयाल

**करंट क्राइम।** विशिष्ठ अतिथि महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि हमें गर्व है कि हम उत्तर प्रदेश के निवासी है। जो काशी विश्वनाथ, श्रीराम, श्रीकृष्ण की भूमि है, जहां महान वीरों एवं महान क्रांतिकारियों ने जन्म लिया। जहां महान संतों एवं महापुरूषों ने जन्म लिया। हमें गर्व है कि हम उस उत्तर प्रदेश के निवासी है जिसने देश को अनेक प्रधानमंत्री एवं प्रधान नेतृत्व करने वाले नेता दिए। हमें गर्व है कि हम उत्तर प्रदेश के वासी हैं, जहां अयोध्या, मथुरा और काशी है।

### कार्यक्रम को सफल बनाने पर सीडीओ अभिनव गोपाल ने किया आभार प्रकट

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम के शुभारम्भ में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल द्वारा सभी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आभार व धन्यवाद प्रकट किया गया। कार्यक्रम का सफल व सकुशल संचालन पूनम शर्मा द्वारा किया गया। मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल, एडीएम सिटी गम्भीर सिंह, सिविल डिफेंस चीफ वार्डन ललित जायसवाल एवं सभी विभागों के अधिकारियों सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# हिंडन एयरपोर्ट से शुरू हो रही है एक मार्च से फ्लाइट की शुरुआत

### - बैंगलोर और गोवा की फ्लाइट होने जा रही है शुरू

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने हिंडन एयरपोर्ट का मुद्दा उठाया था। उन्होंने एयरपोर्ट अथॉरिटी को पत्र लिखा था। ये बताया था कि कोई उड़ान शुरू ना होने के कारण सरकार को करोड़ो रुपए की हानि हो रही है। वो केंद्रीय मंत्रियों से मिले, एयरपोर्ट अधिकारियों से मिले और उन्होंने उस कंपनी से भी जवाब तलब किया जिसके पास यहां ठेका दिया गया है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि था कि वो जल्द ही यहां उड़ान शुरू कराएंगे। इसके बाद एयरपोर्ट एडवाइजरी कमेटी घोषित हुई और अब बड़ी खबर ये है कि गाजियाबाद हिंडन एयरपोर्ट से देश अलग-अलग रूप की फ्लाइट शुरू हो रही है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने पत्र लिखकर ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि एक मार्च से गाजियाबाद हिंडन एयरपोर्ट से प्रमुख मार्गों पर फ्लाइट की शुरूआत हो रही है।

यहां से गोवा, बैंगलोर और अन्य प्रमुख शहरों के लिये फ्लाइट शुरू हो चुकी है। निकट भविष्य में हम और फ्लाइट जोड़ने की दिशा में प्रयासरत हैं। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने क्षेत्र के लोगों से कहा कि मुझे आपके समर्थन और शुभकामनाओं की अब आवश्यकता है। हमें पूरी उम्मीद है कि जल्द ही इसमें सफलता प्राप्त होगी।




### लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से ये संभव हुआ अब हिंडन से पकड़े फ्लाइट टू गोवा



**करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने सांसद बनने के बाद उस हिंडन एयरपोर्ट की सुध ली जो पांच साल पहले बना था। यहां से पिठोरा गढ़, इलाहाबाद और बैंगलोर के लिये फ्लाइट शुरू होनी थी। पांच साल बीत गए लेकिन कुछ नहीं हुआ। अतुल गर्ग सांसद बने और उन्होंने सबसे पहले हिंडन एयरपोट का मामला उठाया। अब ये लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से ही संभव हुआ है कि हिंडन एयरपोर्ट से गोवा की फ्लाइट भी शुरू हो रही है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने सस्ती फ्लाइट की बात भी कही है और कहा है कि यदि आप फ्लाइट की बुकिंग करते हैं तो आप कम कीमतों में गोवा जैसे पर्यटन स्थल की यात्रा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में हम और शहरों से भी फ्लाट जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में अब दिल्ली-एनसीआर के जो लोग गोवा जाना चाहते हैं उनके लिए हवाई मार्ग सुगम हुआ है। उनके शहर से ही उनके सांसद के सहयोग से ये फ्लाइट शुरू हो रही है।

# अगर बिगड़ी महानगर में ओबीसी की बात तो यहां त्यागी चेहरा होगा ट्रंप कार्ड

## - दो पक्षों की हुई लड़ाई तो तीसरे की चढ़ जाएगी कढ़ाई




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष वाली रेस और इसके फेस को लेकर दिल्ली से लखनऊ तक जंग जारी है। नाम लिफाफे में बंद हो चुका है मगर उसके बाद भी प्रयास चल रहे हैं। कौन होगा उन नामों को लेकर कयास चल रहे हैं।

भाजपा की राजनीति में ये खास बात है कि यहां टिकट से लेकर संगठन तक जातिगत समीकरण, जातिगत संतुलन जरूर साधा जाता है। भाजपा की राजनीति जातिगत समीकरण पर ट्रैवल करती है। सूत्र बताते हैं कि यहां मामला जातियों के चक्रव्यू में उलझता दिखाई दे रहा है और यहां अगर किसी एक की बात बिगड़ेगी तो किसी एक की बात बन जाएगी। अगर यहां ओबीसी चेहरे की बात बिगड़ गई तो त्यागी चेहरा ट्रंप कार्ड होगा। दैनिक करंट क्राइम ने पहले ही इस बात के संकेत दिये हैं कि ओ और जी फैक्टर के बीच रस्साकसी जारी है। अगर जिले में ओ आएगा तो महानगर में जी आ जाएगा। इसी पर पूरा खेल टिका है और ओ में ओबीसी या और कोई भी है और जी में गोयल भी हैं, जनरल चेहरा भी है और ओबीसी भी है। यहां पवन गोयल भी हो सकते हैं, मयंक गोयल भी हो सकते हैं। वहीं सूत्र बताते हैं कि अध्यक्षी वाले ट्रैक पर जो ट्रेन दौड़ रही है उसमें त्यागी चेहरे भी बैठकर चल रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि इस स्पेशल बोगी को इग्नोन नहीं किया जा सकता है। लिहाजा इस बात की भी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि अगर महानगर में कट टू कट का गेम आ गया तो फिर यहां दो की लड़ाई में तीसरे की कढ़ाई चढ़ जाएगी। यहां त्यागी चेहरा ट्रंप कार्ड हो सकता है। त्यागी चेहरों में प्रेम त्यागी और बोबी त्यागी में से कोई एक क्लीन स्वीप कर सकता है। क्योंकि कारण भी ये बताया जा रहा है कि गाजियाबाद में जब नाम का लिफाफा बंद हुआ था तो हैवीवेट वाले सर के साथ-साथ हैवीवेट वाली मैडम ने भी त्यागी चेहरे का नाम रखा है।

### कुछ इस तरह से जुड़ा है यहां सिटी टू सिटी बिरादरी का भगवा कनेक्शन

**करंट क्राइम।** भाजपा की राजनीति पर गौर करें तो यहां टिकट से लेकर संगठन तक बिरादरी के साथ-साथ जिले भी एक-दूसरे को प्रभावित करते हैं। जब यहां संगठन का मामला भी होता है तो यहां दूसरे जिलों को लेकर हिसाब लगाया जाता है। अन्य जिलों का कनेक्शन देखा जाता है। ये सिस्टम पूरी वेस्ट यूपी में लागू होता है। अगर नोएडा में टिकट किसी एक बिरादरी को मिल रहा है तो फिर उस बिरादरी की दूसरे चेहरे की दावेदारी मेरठ-बुलंदशहर और गाजियाबाद तक प्रभावित होती है। यही हाल संगठन का भी है। गाजियाबाद में भी जिले और महानगर में एक बिरादरी के दो पदाधिकारी नहीं लिये जाते हैं। ऐसे में यहां बिरादरी का कनेक्शन भी इस बार संगठन पर असर डाल रहा है।

### पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चल रहा है संगठन, त्यागी चेहरे की कमान के बिना

**करंट क्राइम।** जबसे त्यागी ट्रंप कार्ड की बात चली है तो यहां अब पूरा त्यागी सिजरा निकाल लिया गया है। एक लॉबी इस बात पर जोर दे रही है कि पूरे वेस्ट यूपी में किसी एक त्यागी चेहरे को तो स्थान दिया जाए। वो बता रहे हैं कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में केवल सहारनपुर में एक त्यागी चेहरे के पास कमान थी और उस चेहरे को हटा दिया गया। वो बता रहे हैं कि अब इसके बाद से वेस्ट यूपी त्यागी विहीन संगठन के साथ चल रहा है। ऐसे में संभल, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर और गाजियाबाद में से किसी एक जिले में त्यागी चेहरे को कमान मिलनी ही है। ऐसे में यहां त्यागी चेहरे के लिये भी रास्ता बनता दिखाई दे रहा है।

### दो दिन के भीतर हो जानी है घोषणा

**करंट क्राइम।** महानगर और जिले की कमान कौन संभालेगा इसकी घोषणा बेसब्री से सभी को इंतजार है। भाजपा में ये नाम फाइनल हो चुके हैं। पहले ये माना जा रहा था कि पार्टी दिल्ली चुनावों पर फोकस कर रही है। इसलिए अभी घोषणा नहीं होगी। करंट क्राइम ने जब अध्यक्षी वाले टूनार्मेंट को लेकर और उस पर दिल्ली चुनाव के असर को लेकर भाजपा के प्रदेश और क्षेत्रीय नेतृत्व को टटोला तो ये संकेत मिले कि जल्द ही घोषणा हो जाएगी और दिल्ली चुनावों का असर नहीं पड़ेगा।

# अब पहले से ज्यादा एडवांस और स्मार्ट दिखेंगे निगम के अधिकारी

## नगर आयुक्त से लेकर जोनल प्रभारी तक वॉकी-टॉकी से हुए लैस

### नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सुपरविजन टीम को दिए ढाई सौ वॉकी-टॉकी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम जहां स्वच्छता और स्मार्टनेस को प्रदर्शित करता है, तो अब उनके अधिकारी भी वॉकी टॉकी पर बातचीत करते हुए और नगर आयुक्त से लेकर अपर नगर आयुक्त और अन्य विभागों के अधिकारी अपने अधीनस्थों को वॉकी-टॉकी पर निर्देश देते हुए नजर आएंगे। इसके लिए गाजियाबाद नगर निगम जो कंट्रोल रूम शुरू कर रहा है, उससे इसे कनेक्ट किया जाएगा। जिससे इसका अलग नेटवर्क काम करेगा। शुक्रवार को नगर आयुक्त ने इस हाईटेक पद्धति को अपनाते हुए नगर निगम के विभिन्न विभागों को अपने कार्यों, जन समस्याओं की सुनवाई और वर्किंग को फास्ट बनाने के लिए सुपरविजन टीमों को ढ़ाई सौ वॉकी टॉकी वितरित किए हैं। नगर निगम में उनकी इस नई पहल की प्रशंसा और अधिकारियों के वर्किंग स्टाइल सुधारने की चर्चा शुरू हो गई है। शुक्रवार को जब वॉकी टॉकी पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने अधिकारियों को दिशा निर्देश देने शुरू किया तो उसका अलग नजारा देखने को मिला।





### इन अधिकारियों को दिए गए वॉकी टॉकी

**करंट क्राइम :** अपर नगर आयुक्त अवनींद्र द्वारा जानकारी दी गई है कि स्वास्थ्य विभाग और उद्यान की टीमों को विशेष रूप से वॉकी टॉकी दिए गए हैं। जिसके माध्यम से एक ही समय में अधिकारी पूरी टीम को निर्देश करते हुए कार्य करवा सकेंगे। वहीं नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में यह सराहनीय पहल की गई है। जिसका उपयोग जन समस्याओं के समाधान के लिए किया जाएगा। साथ ही सफाई विभाग के सफाई नायक, सेनेट्री इंस्पेक्टर, सेक्रेटरी उद्यान विभाग के सुपरवाइजर समस्त विभागों के अधिशासी अभियंता, अवर अभियंताओं और सभी जोन के जोनल प्रभारियों सहित विभागीय अधिकारियों को वॉकी टॉकी उपलब्ध कराकर कार्यों में तेजी और गुणवत्ता लाने का प्रबंध किया जा रहा है ताकि वह हाईटेक पद्धति को अपनाते हुए वर्किंग में सुधार ला सकें।

### वॉकी टॉकी से कम्युनिकेशन होगा मजबूत, जिम्मेदारी भी होगी तय

**करंट क्राइम :** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक अलग विजन से काम करते हैं और यही वजह है कि नगर निगम के कई क्षेत्रों में परिवर्तन और निगम की वर्किंग में हाईटेक पद्धति नजर आने लगी है। अलग-अलग विभाग के प्रमुखों और जोनल के प्रभारियों को वॉकी टॉकी सिस्टम भेंट करने का मकसद यह है कि उनकी वर्किंग में सुधार हो। निगम के कार्य तेज गति से हों और इसका सीधा लाभ जनता को मिले ताकि गाजियाबाद स्मार्ट, क्लीन और हाइटेक सिटी में तब्दील हो सके। शुक्रवार को वॉकी टॉकी इस्तेमाल करते हुए जब नगर आयुक्त द्वारा अधिकारियों ने वातार्लाप शुरू की गई तो इस मौके पर डॉ. अनुज उद्यान प्रभारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश ,मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, प्रकाश प्रभारी कामाख्या प्रसाद आनंद, मुख्य कारण अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा व अन्य निगम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा लेंगे 26 जनवरी को पुलिस लाइन में परेड की सलामी

## मंत्री के आवास से लेकर पुलिस लाइन तक एसीपी करेंगे एस्कॉर्ट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 26 जनवरी को पुलिस लाइन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के परेड ग्राउंड में आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस की सालाना परेड में इस बार मुख्य अतिथि के रूप में सलामी लेने का काम उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री साहिबाबाद से विधायक सुनील शर्मा रहेंगे। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा पुलिस लाइन में जहां अलग-अलग टोलियों की समलमी लेंगे। तो वहीं परेड कमांडर उनकी अनुमति से मार्च पास्ट शुरू करेंगे। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा यहां बेहतर काम करने वाले पुलिसकर्मियों को पुरस्कार प्रदान करते हुए सम्मानित करने का भी काम करेंगे। उनका लाइन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाषण भी होगा। वहीं पुलिस लाइन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। साथ ही पुलिस लाइन के दोनों गेट पर उनके स्वागत वाले होल्डिंग भी लगा दिए गए हैं।

### अन्य जनप्रतिनिधियों को भी किया गया है आमंत्रित



### आवास से लेकर कार्यक्रम स्थल तक एसीपी करेंगे एस्कॉर्ट

**करंट क्राइम :** 26 जनवरी को सुनील शर्मा कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार जब वसुंधरा अपने आवास से चलेंगे, तो उनको एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह एस्कॉर्ट करते हुए पुलिस लाइन कार्यक्रम स्थल लेकर पहुंचेंगे। जहां उनका स्वागत और सलामी लेने का कार्यक्रम होगा। साथ ही जब वह कार्यक्रम समाप्ति के बाद प्रस्थान करेंगे तो भी उन्हें पुलिस एस्कॉर्ट प्रदान किया जाएगा।

### समस्त जनप्रतिनिधि, उद्यमी और प्रमुख पार्टी के अध्यक्ष रहेंगे अतिथि

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की पुलिस लाइन में आयोजित होने वाली 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की परेड के लिए गाजियाबाद के सभी विधायकों, एमएलसी, सांसद और महापौर से लेकर सभी राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय प्रमुख पार्टियों के जिला और महानगर अध्यक्षों को पुलिस लाइन में आयोजित होने वाली परेड के लिए आमंत्रित किया गया है। साथ ही प्रतिष्ठित उद्यमियों व अन्य लोग भी बुलाएं गए हैं।

25 Jan -25 page 4 24-01-2025 20:47 Page 1



## संपादकीय

# प्रेम का सर्वोच्च शिखर

फैशन डिजाइनर, इतिहास-दर्शन और देसी जीवन के प्रति प्रेम रखने वाले ब्रुनेलो कुसेनेली की बड़ी बेटी की जब साल 2015 में शादी हो रही थी, तब उन्हें पता था कि बेटी को क्या तोहफा देना है। तोहफा भी सिर्फ एक नहीं बल्कि एक हजार किताबों से भरी लाइब्रेरी थी, शब्दों से सराबोर, जो उसे ताउम्र प्रेरित कर सके। अपनी छोटी बेटी के लिए भी बिल्कुल इसी तरह का तोहफा दे चुके फैशन डिजाइनर का कहना है, मेरा मानना है कि इस तोहफे के जरिए मैंने दोनों चीजें दी, बड़े तौर पर एक भौतिक चीज और एक तोहफा, जो आध्यात्मिक ज्यादा है.. उन्होंने अपने हर नाती-पोतों के लिए एक हजार किताबें बचाकर रखी हैं। वह 17वीं सदी के इतालियन विला में रहते हैं और उनकी किताबों का संग्रह गहरे पाठकों और किताब प्रेमियों के बीच सबसे चर्चित विषय है। उनके बारे में पढ़ने के बाद मैंने भी किसी को कुछ भी तोहफे में देने का अपना तरीका बदल दिया। मेरे 90 वर्षीय नाना को किस-मी चॉकलेट पसंद थी और इकलौता मैं ही था, जो दक्षिण भारत में अपने गांव जाने के दौरान हर बार उनके लिए किलो भरकर चॉकलेट ले जाता। वह वरांडा में बैठकर घंटों वो चॉकलेट चबाते रहते, जबकि उनका एक भी दांत नहीं था। पर वो फिर भी हमेशा नाखुश रहते और कहते कि ये जल्दी खत्म हो जाती हैं क्योंकि गांव के बच्चे उन्हें चॉकलेट खाता देखकर उनसे ये मांगते और गांव के बुजुर्ग होने के नाते वो उन्हें मना भी नहीं कर सकते थे। इससे मुझे आइडिया आया कि इसके साथ ही मैं बहुत सारी रावलगोन चॉकलेट खरीद भी लेता हूं, जिसे चबाना मुश्किल है और बच्चे भी इसका आनंद उठा सकते हैं, जबकि वो मुलायम वाली ह्यकिस-मी खुद खा सकते हैं। जिस विचारशीलता के साथ मैंने उन्हें उपहार दिए, ताकि वो अपनी खुशी भी बरकरार रखते हुए इसे दूसरों से साझा कर सकें, इससे उनके पोपले मुंह पर हमेशा मुस्कान आ जाती। मैं 90 साल की उम्र में उस मुस्कान से सम्मोहित हो जाता। एक दशक पहले पढ़ी ब्रुनेलो की कहानी और अपने दिवंगत नाना के साथ बिताई यादें इस शनिवार को मुझे तब याद आ गईं, जब मेरी एचआर विभाग की सहकर्मी गुरप्रीत कौर का एक मेल आया, जिसमें उन्होंने दैनिक भास्कर के सारे कर्मचारियों को अपने-अपने दफ्तर में एक बाउल से एक नाम की पर्ची उठाने के लिए कहा, जिनसे वह 2024-क्रिसमस के सीक्रेट सांता बन सकते हैं। उनके इस लैटर की कहानी इतनी भर नहीं थी। इसमें आगे लिखा था कि जिस भी व्यक्ति का नाम वह पर्ची में उठाते हैं, उनके लिए सबसे नायाब और खूब सोचकर तोहफा चुनें। तोहफे देने का आइडिया भले दशकों पुराना हो सकता है लेकिन दोनों (देने वाले और पाने वाले) इसकी ऊर्जा को फिर से जीते हैं। मेरे लिए वह पत्र केवल एक चैलेंज भर नहीं था, बल्कि यह किसी को चार्म करने का निमंत्रण था। मैंने इसे चैलेंज और चार्म इसलिए कहा क्योंकि तोहफा देने वाले को उपहार चुनने के लिए, इसे पाने वाले के जीवन में इतनी गहराई तक प्रवेश करना होता है, जो एक बड़ा चैलेंज है, इसके अलावा उसे पाने वाले को उस विचारशील तोहफे से चार्म भी महसूस होना चाहिए।

# शेयर बाजार लाल निशान में हुआ बंद मिडकैप और स्मॉलकैप में हुई बिकवाली

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखी गई। सेंसेक्स 329 अंक या 0.43 प्रतिशत गिरकर 76,190 और निफ्टी 113 अंक या 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,092 पर बंद हुआ। लार्जकैप की तुलना में मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों अधिक बिकवाली हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 835 अंक या 1.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 53,262 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 408 अंक या 2.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,956 पर बंद हुआ। आईटी और एफएमसीजी को छोड़कर बाकी सभी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। ऑटो, पीएसयू बैंक, फार्मा, मेटल, रियल्टी, एनर्जी और इन्फ्रा में सबसे ज्यादा गिरावट थी। सेंसेक्स पैक में एचयूएल, टेक महिंद्रा, नेस्ले, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, आईटीसी, टीसीएस और एनटीपीसी टॉप गेनर्स थे। एमएंडएम, जोमैटो, टाटा मोटर्स, इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी, अल्ट्राटेक सीमेंट,



बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक और सनफार्मा टॉप लूजर्स थे। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,041 शेयर हरे निशान में, 2,900 शेयर लाल निशान में और 118 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं। भारतीय शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) लगातार पिछले 15 दिनों से बिकवाली कर रहे हैं। गुरुवार के कारोबारी सत्र में विदेशी निवेशकों ने 5,462.52 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। इस दौरान घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 3,712 करोड़ रुपये की खरीदारी की थी। पीएल कैपिटल- प्रभुदास लीलाधर के एडवाइजरी प्रमुख, विक्रम कसात ने कहा कि बाजार में कमजोरी की वजह कॉरपोरेट्स आय में गिरावट होना है। यह अमेरिका में ब्याज दर में कटौती होने की संभावना और कच्चे तेल में गिरावट जैसे अच्छे संकेतों पर हावी है। उन्होंने आगे कहा कि निफ्टी 23,250 के ऊपर टिकने में कामयाब नहीं रहा, जो दिखाता है कि बाजार में खरीदारी का रुझान नहीं है। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शेयरों की बिकवाली जारी रखी है, जिससे लार्जकैप, खास तौर पर बैंकिंग क्षेत्र पर दबाव बढ़ा है। इससे आने वाले समय में बाजार में और गिरावट देखने को मिल सकती है।

## अदाणी पावर में अगले 24 महीने में आ सकती है 54.5 प्रतिशत तक की तेजी: वेंचुरा

**नई दिल्ली।** कोयले की आपूर्ति बढ़ने और कारोबार के विस्तार के कारण अदाणी पावर के शेयर में आने वाले समय में 54.5 प्रतिशत तक की तेजी देखने को मिल सकती है। यह जानकारी ब्रोकरेज फर्म वेंचुरा द्वारा दी गई। ब्रोकरेज फर्म ने अदाणी पावर के लिए अगले 24 महीनों में 806 रुपये का टारगेट दिया है, जो कि मौजूदा भाव से 54.5 प्रतिशत की तेजी को दिखाता है। वेंचुरा ने अपने नोट में कहा कि रिन्यूएबल एनर्जी फिलहाल पूरे देश की बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करने में असक्षम है। बढ़ती हुई मांग और आपूर्ति को पूरा करने के लिए थर्मल पावर की क्षमता को बढ़ाना जरूरी है।



अदाणी पावर, भारत की सबसे बड़ी निजी थर्मल पावर उत्पादक कंपनी है। बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए क्षमता विस्तार के साथ रणनीतिक रूप से तैयार है। ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि हम अदाणी पावर को 806 का टारगेट प्राइस देते हैं। यह मौजूदा भाव से 54.5 प्रतिशत अधिक है। अदाणी पावर का शेयर 520 रुपये के आसपास बना हुआ है। 17.55 गीगावाट की स्थापित क्षमता के साथ अदाणी पावर लिमिटेड (एपीएल) भारत की सबसे बड़ी निजी कोयला-आधारित थर्मल पावर उत्पादक कंपनी है। कंपनी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों से कोयला प्राप्त करती है। बिजली की मांग ने एपीएल के औसत प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) में काफी सुधार किया है, जो वित्त वर्ष 23 में 48 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही में 72 प्रतिशत हो गया है, जो सात वर्षों में इसका उच्चतम स्तर है। वित्त वर्ष 24 में एपीएल की आय सालाना आधार पर 29.9 प्रतिशत बढ़कर 50,351 करोड़ रुपये और ईबीआईटीडीए 81 प्रतिशत बढ़कर 18,181 करोड़ रुपये रहा था। इसकी प्रकार वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही में भी कंपनी का प्रदर्शन मजबूत

## भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में जनवरी में हुई मजबूत वृद्धि : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में जनवरी में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। इसकी वजह नए निर्यात ऑर्डर में इजाफा होना है। यह जानकारी एचएसबीसी फ्लैश पीएमआई रिपोर्ट में शुक्रवार को दी गई। 100 एक्टिविटीज इंडिकेटर्स के एनालिसिस के आधार पर तैयार की गई रिपोर्ट में बताया गया कि दिसंबर के अंत में समाप्त होने वाली तिमाही में 65 प्रतिशत इंडिकेटर्स सकारात्मक थे। वहीं, इससे पहले की तिमाही में 55 प्रतिशत इंडिकेटर्स सकारात्मक थे। यह दिखाता है कि वृद्धि दर में तेजी आई है। एचएसबीसी ने बयान में आगे कहा कि जनवरी में सर्विस पीएमआई पिछले महीने के मुकाबले कमजोर रही है। रिपोर्ट में बताया गया, मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज में अंतर टैरिफ लगने के डर के कारण है। हमने पाया कि मैन्युफैक्चरिंग से जुड़े नए निर्यात ऑर्डर में तेजी से वृद्धि हुई है। यह घरेलू या सर्विस ऑर्डर में वृद्धि से भी अधिक तेजी से बढ़े हैं। हमें लगता है कि इसका श्रेय नए संभावित टैरिफ लागू होने से पहले दुनिया भर में तेजी से स्टॉक भरने को दिया जा सकता है। इन नए निर्यात ऑर्डर को पूरा करने के लिए मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का आउटपुट भी तेजी से बढ़ा है। रिपोर्ट में बताया गया कि लागत में भी दोनों सेक्टरों में विपरीत रुझान देखने को मिला है। मैन्युफैक्चरर्स के लिए इनपुट प्राइस 10 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। वहीं, सर्विस प्रोवाइडर्स के लिए इनपुट लागत बढ़ी है। हालांकि, बिक्री कीमत में बदलाव न होने के कारण सर्विस प्रोवाइडर्स का मार्जिन घटा है, जबकि मैन्युफैक्चरर्स का मार्जिन बढ़ा है। रिपोर्ट में बताया गया कि महंगाई में गिरावट का दौर जारी है। जनवरी में यह 4.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। एचएसबीसी को उम्मीद है कि फरवरी और अप्रैल में क्रमशः 25-25 आधार अंक रेपो रेट कम हो सकता है। इससे रेपो रेट घटकर 6 प्रतिशत हो जाएगा, जो फिलहाल 6.5 प्रतिशत है।



## सब्सिडी पर सरकार का खर्च वित्त वर्ष 2025 में बजट अनुमानों के पार जाने की उम्मीद, रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ बड़ौदा रिपोर्ट के अनुसार, विपणन सीजन 2025-26 के लिए रबी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ने के बाद बजट आवंटन लगभग 10 प्रतिशत से अधिक होने की संभावना है। इसके अलावे, भंडारण और परिवहन की ऊची लागत भी सब्सिडी खर्च को बढ़ा रही है। रिपोर्ट में और क्या कहा गया है, वित्तीय वर्ष 2024-25 में सब्सिडी पर सरकार का खर्च लगभग 4.1-4.2 लाख करोड़ रुपये रहने की उम्मीद है। यह राशि बजट अनुमानों से भी अधिक है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने एक रिपोर्ट में यह बात कही है। रिपोर्ट के अनुसार, सब्सिडी बोझ बढ़ने का मुख्य कारण सरकार की ओर से खाद्य और उर्वरक सब्सिडी पर अधिक खर्च करना है।




### रबी फसलों की एमएसपी बढ़ाने के बाद सब्सिडी पर खर्च बढ़ा

बैंक ऑफ बड़ौदा रिपोर्ट के अनुसार, विपणन सीजन 2025-26 के लिए रबी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (टरढ) बढ़ने के बाद बजट आवंटन लगभग 10 प्रतिशत से अधिक होने की संभावना है। इसके अलावे, भंडारण और परिवहन की ऊची लागत भी सब्सिडी खर्च को बढ़ा रही है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अकेले उर्वरक सब्सिडी के बजट में 9-10 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। इस वृद्धि का कारण डॉलर में आई मजबूती है, क्योंकि इससे आयात की लागत बढ़ गई है।

### खुदरा महंगाई को थामने के लिए सरकार दे रही अधिक वित्तीय सहायता

रिपोर्ट के अनुसार, खुदरा महंगाई बढ़ने से रोकने के लिए, सरकार अधिक वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। इसके कारण, वित्त वर्ष 2025 में कुल सब्सिडी का बोझ 4.1-4.2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। हालांकि, वित्त वर्ष 26 में कुछ राहत की उम्मीद है, क्योंकि आने वाले बजट में सरकार की ओर से सब्सिडी को युक्तिसंगत बनाने की उम्मीद है। अगले वित्तीय वर्ष में सब्सिडी का कुल बोझ कम होकर लगभग 4 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। माना जा रहा है कि खाद्य सब्सिडी में बड़ी गिरावट आएगी।

## रोचक तथ्यों का करंट



- मच्छर दुनिया में किसी भी अन्य जानवर की तुलना में अधिक मौत का कारण बनता है। वे मलेरिया, डेंगू बुखार, और पीले बुखार सहित बीमारियों के वाहक होते हैं जिन्हें मच्छर रक्त चूसते समय मनुष्यों और जानवरों को प्रसारित किया जा सकता है।
- अफ्रीका और ओशिनिया (ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड) के कुछ हिस्सों में, मच्छरों को मोजीज के रूप में जाना जाता है।
- जीवविज्ञानी आनुवंशिक रूप से संशोधित मच्छरों का उपयोग करके मलेरिया से लड़ रहे हैं जो प्रतिरक्षक हैं और इस प्रकार इसे प्रसारित करने में असमर्थ हैं। दूसरे शब्दों में, मनुष्यों में मलेरिया को ठीक करने का सबसे आसान तरीका मच्छरों को ठीक करना है।
- मच्छरों में छह पैर और पंखों की एक जोड़ी होती है। वे अपने पंख 450 से 600 गुना केवल एक सेकंड में फडफडा सकते हैं, जो सामान्य गूंज ध्वनि बनाता है।
- जब एक मादा मच्छर खून को चूसती है तो उसका पेट फैलता है और रक्त को अपने शरीर के वजन से 3 गुना अधिक स्टोर कर सकता है।

## राशिफल

**मेष:** आज का दिन व्यावसायिक गतिविधि के लिए अनुकूल है। समय के साथ-साथ आपको अपने जीवन में नए-नए परिवर्तन देखने को मिलेंगे।

**वृष:** दिन थोड़ा कमजोर रह सकता है। विशेष रूप से स्वास्थ्य को लेकर इसलिए खान-पान पर विशेष ध्यान दें और आवश्यकता अनुसार एक्सरसाइज करें।

**मिथुन:** दिन पहले की अच्छा रहेगा। लाभ के कुछ अवसर प्राप्त हो सकते हैं। इस राशि के जो लोग बेरोजगार है, उन्हें रोजगार पाने का सुनहरा अवसर मिल सकता है।

**कर्क:** अनावश्यक खर्च आपके बजट को असंतुलित कर सकते हैं। आपके लिए जरूरी है कि आप उन्हें नियंत्रित करें और सुरक्षित भविष्य के लिए कुछ फंड बचाएं।

**सिंह:** आपके लिए आज का दिन बेहतर तरीके से गुजरेगा। अपनी किसी रूचि को आज लोगों के सामने लेकर आएंगे जिससे लोग आपके मुरीद हो जाएंगे।

**कन्या:** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आर्थिक योजनाओं में किया गया निवेश लाभदायक हो सकता है। आपकी सेहत बेहतर रहेगी।

**तुला:** आज आप सुबह व्यायाम करें, अतिरिक्त लाभ मिलेगा। व्यापार में भी आय बढ़ने की और उगाही की वसूली की संभावना है।

**वृश्चिक:** आपके लिए आज का दिन सामान्य ही रहेगा। परिवार के लोगों का व्यवहार आपको कुछ दुख दे सकता है। किसी की कड़ी बात आपको चुभ सकती है।

**धनु:** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। करियर के मामले में आपको कोई बड़ी सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर:** साथी किसी काम की वजह से झुंझलाहट महसूस करेगा फिर भी जीवन की सभी समस्याओं को नजरअंदाज करते हुए साथी आपके साथ खड़ा रहेगा।

**कुंभ:** आज आपको अपने धन को कई गुना बढ़ाने का मौका मिल सकता है। कोई ऐसा ऑफर आ सकता है जो आपको उम्मीद से अधिक धन देने का भरोसा दिलाएगा।

**मीन:** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज आप उन चीजों को ज्यादा महत्व देंगे, जो आपके साथ ही आपके परिवार के लिए भी महत्वपूर्ण है।

## चुटकुले

मास्टर जी- अगर पृथ्वी के अंदर लावा है तो बाहर क्या है ?
टीटू- मास्टर जी बाहर ओप्पो और वीवो है।

---

टीटी ने गोलू को प्लेटफॉर्म पर पकड़ लिया।
टीटी- टिकट दिखाओ।
गोलू- अरे मैं ट्रेन में आया ही नहीं।
टीटी- क्या सबूत है?
गोलू- अबे सबूत यही है कि मेरे पास टिकट नहीं है।

---

गर्लफ्रेंड- सुनो, मेरी स्किन बहुत ऑयली-ऑयली सी हो गई है...
बताइए ना, मैं क्या लगाऊं?
बॉयफ्रेंड- ये लो विम बार, ये पूरी चिकनाई हटा देगा।
फिर बॉयफ्रेंड की हुई जोरदार कुटाई और फिर ब्रेकअप।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## करंट क्राइम
## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
## 25 01 2025 आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन



पूजा सावंत
अभिनेत्री



हर्षित गौतम | जगजीत कौर | नेहा | सोनी यादव



अंजली गुप्ता | सुशील शर्मा | अनुज कौशिक उर्फ चीकू | चेतन पुंडीर



जितेंद्र राय | मनोज | मुकेश गुप्ता | रामनाथ गुप्ता | नरेंद्र पाल सिंह | रतन दीप सिंह



राहुल कुमार | ठाकुर अनिल सिंह | विशाल सिंह | रवि पंडित | आशित मदान | अजय चौधरी



राकेश कुमार | अजय | पंकज तिवारी | शहजाद चौधरी | आकाश गौतम

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# 2024 की सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे टीम में दो भारतीय, द. अफ्रीका की खिलाड़ी को कमान




**नई दिल्ली।** आईसीसी ने पुरुषों के साथ-साथ साल 2024 की सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे टीम की भी घोषणा कर दी है। इस टीम में दो भारतीयों को जगह दी गई है। इनमें स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा शामिल हैं। महिला की सर्वश्रेष्ठ वनडे टीम में भारत के अलावा इंग्लैंड की तीन खिलाड़ी, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की दो-दो खिलाड़ी शामिल हैं। वहीं, श्रीलंका और वेस्टइंडीज की एक-एक खिलाड़ी है।

### मंधाना के लिए बेहतरीन रहा था साल 2024

28 साल की मंधाना ने पिछले साल 13 मैचों में 747 रन बनाए थे। वह साल 2024 की सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रही थीं। इसकी वजह से उन्हें साल 2024 की सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे खिलाड़ी के लिए भी नामित किया गया है। मंधाना ने साल की शुरूआत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 29 गेंद में 29 रन बनाकर की थी। इसके बाद उन्हें अगले वनडे के लिए छह महीने का इंतजार करना पड़ा था।

हालांकि, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जब वह खेलीं तो शानदार फॉर्म में दिखीं। इस टीम के खिलाफ सीरीज में उन्होंने लगातार दो शतक लगाए। वह तीसरे वनडे में शतक से चूक गई थीं। 343 रन बनाकर वह प्लेयर ऑफ द सीरीज रही थीं। उन्होंने अक्तूबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना शानदार फॉर्म जारी रखा। वहीं, दीप्ति की बात करें तो उन्होंने पिछले साल 13 मैचों में 186 रन बनाए और 24 विकेट झटके। अपने ऑलराउंड शो से उन्होंने इस टीम में जगह बनाई।

### टीम में और कौन कौन खिलाड़ी

आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे टीम में ओपनिंग की जिम्मेदारी मंधाना और वोल्वार्ड्ट को दी गई है। दक्षिण अफ्रीका की वोल्वार्ड्ट इस टीम की कप्तान भी हैं। इनके अलावा टीम में चमारी अट्टापट्टू और हेली मैथ्यूज जैसी विस्फोटक बल्लेबाज भी हैं। टीम के पास कई बेहतरीन ऑलराउंडर्स हैं। दीप्ति के अलावा टीम में मारिजाने कैप, गार्डनर और सदरलैंड जैसी दिग्गज ऑलराउंडर हैं। विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी एमी जोन्स को सौंपी गई है।

2024 के लिए आईसीसी महिला वनडे टीम ऑफ द ईयरः स्मृति मंधाना (भारत), एल वोल्वार्ड्ट (कप्तान) (दक्षिण अफ्रीका), चमारी अट्टापट्टू (श्रीलंका), हेली मैथ्यूज (वेस्टइंडीज), मारिजाने कैप (दक्षिण अफ्रीका), एश्ले गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया), एनाबेल सदरलैंड (ऑस्ट्रेलिया), एमी जोन्स (विकेटकीपर) (इंग्लैंड), दीप्ति शर्मा (भारत), सोफी एक्लेस्टोन (इंग्लैंड), केट क्रॉस (इंग्लैंड)।

# जेएफसी को हैदराबाद एफसी ने 3-2 से हराया



**हैदराबाद।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के मैच में जीएमसी बालायोगी एथलेटिक स्टेडियम में हैदराबाद एफसी ने जमशेदपुर एफसी को 3-2 से हराया। हॉफटाइम तक बढ़त बनाए रखने के बावजूद जमशेदपुर एफसी की टीम इसे आगे बरकरार नहीं रख सकी। जेएफसी की पांच मैचों में पहली हार थी। जमशेदपुर ने हैदराबाद के शुरूआती दबाव को झेलते हुए सावधानी से खेल की शुरूआत की।

हालांकि, मेजबान टीम ने 12वें मिनट में अपने पहले बड़े मौके का फायदा उठाया। मनोज मोहम्मद ने बाएं किनारे से बढ़त बनाई और एक सटीक लो क्रॉस दिया, जिसे मोहम्मद रफी ने नेट में पहुंचा दिया। 0-1 से पिछड़ रही जमशेदपुर के तावीज जावी हर्नांडेज ने संयम का परिचय देते हुए लगातार दो पेनल्टी स्कोर किए। 24वें मिनट में जेवी को पहला पेनल्टी मिला, जब उनके तेज फुटवर्क ने बॉक्स के अंदर मनोज से फाउल करवाया। उन्होंने इसे गोल में बदलकर स्कोर बराबर किया। इसके ठीक तीन मिनट बाद, जॉर्डन मरे की कोशिश ने हैदराबाद के डिफेंडर एलेक्स साजी को पेनल्टी क्षेत्र के अंदर एक और फाउल करने पर मजबूर कर दिया।

जेवी ने फिर से कदम बढ़ाया, इस बार निचले बाएं कोने में एक क्लिनिकल स्ट्राइक के साथ गोलकीपर को गलत दिशा में भेज दिया, जिससे जमशेदपुर को 2-1 की बढ़त मिल गई।

दबाव बनाना जारी रखा और मरे बढ़त को बढ़ाने के करीब थे, लेकिन इमरान खान के क्रॉस से उनका शॉट ऊंचा और वाइड चला गया, जिससे हैदराबाद की पहुंच से खेल को और दूर ले जाने का सुनहरा मौका चूक गया। 69वें मिनट में रामहलुंचुंगा के मूव के जरिए मेजबान टीम ने बराबरी कर ली, जिसका सटीक पास जोसेफ सनी को मिला। हैदराबाद के फॉरवर्ड ने अपने शॉट को ऊपरी दाएं कोने में निर्देशित किया, जिससे स्कोर 2-2 हो गया। हैदराबाद ने पांच मिनट बाद ही जीत दर्ज की। मनोज मोहम्मद से पास प्राप्त करते हुए, अल्बा ने बॉक्स के बाहर से स्ट्राइक किया।

# शतरंज में फिर बजा भारत का डंका तमिलनाडु का खिलाड़ी बना जोहोर इंटरनेशनल ओपन कप का चैंपियन



**पन्नीरसेल्वम इनियान एफआईडीए द्वारा ग्रैंडमास्टर की उपाधि से सम्मानित होने वाले भारत के 71वें खिलाड़ी हैं। उन्होंने जून 2017 में सियुताट डी मोंटकाडा ओपन में पहला जीएम मानदंड हासिल किया।**

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर इनियन पन्नीरसेल्वम ने मलेशिया में 9वां जोहोर इंटरनेशनल ओपन शतरंज टूर्नामेंट जीत लिया है। तमिलनाडु के इरोड के 22 साल के इनियन ने 9 खेलों में 8.5 अंक हासिल किए। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी से 1.5 अंक आगे रहते हुए चार इंटरनेशनल मास्टर्स और एक ग्रैंडमास्टर को हराया।

ये 9 राउंड का टूर्नामेंट गुरुवार को समाप्त हुआ। जिसमें आठ देशों के 84 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 24 खिलाड़ी टाइटलधारी थे। अंतिम राउंड से पहले ही इनियन ने इंडोनेशियाई आईएम नयाका बुधिधर्मा को हराकर खिताब पक्का कर लिया था। वह अंक तालिका में 1.5 अंक से आगे थे। अंतिम राउंड में इनियन ने वियतनामी जीएम गुयेन वान हुई को हराकर शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय आईएम वीएस राहुल और चीनी आईएम ली ब्रो क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इनियन जिन्होंने जनवरी में चेन्नई ओपन भी जीत था। उन्होंने इस खिताबी जीत से 15 रेटिंग अंक हासिल किए।

पन्नीरसेल्वम इनियान एफआईडीए द्वारा ग्रैंडमास्टर की उपाधि से सम्मानित होने वाले भारत के 71वें खिलाड़ी हैं। उन्होंने जून 2017 में सियुताट डी मोंटकाडा ओपन में पहला जीएम मानदंड हासिल किया। फरवरी 2018 में बोललिंगन ओपन में दूसरा, जुलाई 2018 में बोबलिंगन ओपन में दूसरा, जुलाई 2018 में बारबेरा डेल वैलेस ओपन में तीसरा। इसके अलावा 2017 में एंडोरा ओपन में चौथा स्थान, जनवरी 2018 में विलोरबा में कोप्पा वेरगानी में रिचर्ड रैपॉर्ट के बाद दूसरा स्थान हासिल किया था।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन- जोकोविच ने सेमीफाइनल मुकाबला छोड़ा
## मसल्स में खिंचाव के कारण फैसला लिया, ज्वेरेव पहली बार फाइनल में



**मेलबर्न।** 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 के सेमीफाइनल मुकाबले को बीच में ही छोड़कर हट गए हैं। शुक्रवार को सर्बियाई खिलाड़ी ने चोट की वजह से मुकाबले से हटने का फैसला लिया। जोकोविच के हटने से उनके प्रतिद्वंद्वी वर्ल्ड नंबर-2 एलेक्जेंडर ज्वेरेव को वॉकओवर मिल गया और वे पहली बार इस ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंच गए। दूसरा सेमीफाइनल वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर और अमेरिका के बेन शेल्टन के बीच खेला जाएगा।

मेलबर्न के रॉड लेवर एरिना में जोकोविच को पहले सेट में 7-6 से हार झेलनी पड़ी। टेनिस के ओलिंपिक चैंपियन जोकोविच ने मेंस सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में बुधवार को तीसरी सीड स्पेन के कार्लोस अल्काराज को 4 सेट तक चले मुकाबले में पिछड़ने के बाद हराया था।

जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन के सबसे सफल मेंस सिंगल्स खिलाड़ी हैं। वे 10 बार यह खिताब जीत चुके हैं। मैच से हटने के बाद मीडिया से बात करते हुए जोकोविच ने कहा- मैंने मसल्स के चोट को संभालने के लिए हर संभव कोशिश की, लेकिन पहला सेट खत्म होने के बाद मुझे और भी ज्यादा दर्द होने लगा और इसे संभालना बहुत मुश्किल हो गया। दर्शकों ने जोकोविच के खिलाफ हूटिंग की जोकोविच के हटने के बाद रॉड लेवर एरिना में मौजूद दर्शकों ने उनके खिलाफ हूटिंग करनी शुरू कर दी। इसके बाद ज्वेरेव ने उनका बचाव किया।

ज्वेरेव ने कहा- कृपया आप लोग चोट के कारण बाहर जाने पर किसी खिलाड़ी के खिलाफ हूटिंग न करें। मुझे पता है कि सभी ने टिकटों के लिए पैसे दिए हैं, लेकिन नोवाक ने पिछले 20 सालों में खेल को अपना सब कुछ दिया है। ज्वेरेव अब तक एक भी ग्रैंड स्लैम नहीं जीते वर्ल्ड नंबर-2 एलेक्जेंडर ज्वेरेव को पहले ग्रैंड स्लैम खिताब की तलाश है। वे पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में पहुंचे हैं। उन्हें पिछले साल ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। जोकोविच के नाम 24 ग्रैंडस्लैम जोकोविच ने अपने करियर में 24 ग्रैंड स्लैम जीते हैं, इनमें सबसे ज्यादा 10 बार उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन पर ही कब्जा किया। जोकोविच ने 7 बार विंबलडन का खिताब भी जीता है। वहीं उनके नाम 4 वर ओपन और 3 फ्रेंच ओपन के खिताब भी हैं। सबालेंका-कीज के बीच खेला जाएगा विमेंस सिंगल्स का फाइनल डिफेंडिंग चैंपियन एरिना सबालेंका ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 के फाइनल में पहुंच गई हैं। सबालेंका ने लगातार तीसरी बार ग्रैंड स्लैम के फाइनल में जगह बनाई। 25 जनवरी को खिताबी मुकाबले में उनका सामना अमेरिका की मैडिसन कीज से होगा।

1905 से खेला जा रहा है ऑस्ट्रेलियन ओपन ऑस्ट्रेलियन ओपन साल का पहला ग्रैंड स्लैम होता है। लॉन टेनिस एसोसिएशन ऑफ ऑस्ट्रेलिया ने इस टूर्नामेंट को 1905 में शुरू किया था, जिसे पहले ऑस्ट्रेलियन चैंपियनशिप कहा जाता था। बाद में लॉन टेनिस एसोसिएशन ऑफ ऑस्ट्रेलिया 'टेनिस ऑस्ट्रेलिया' बन गया।

## जल्द बड़े पर्दे पर दिखेगी सौरव गांगुली की बायोपिक, राजकुमार राव लीड रोल में दिखेंगे

**मुंबई।** कई सालों से भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली की बायोपिक की चर्चा हो रही है। उनकी जिंदगी को बड़े पर्दे पर लाने के लिए फिल्म डायरेक्टर कोशिश कर रहे हैं। जिसके लिए लीड एक्टर का नाम फाइनल ही नहीं हो पा रहा था, लेकिन अब कहा जा रहा है कि, सौरव गांगुली की जिंदगी से जुड़ी फिल्म के लिए लीड एक्टर मिल गया है। पहले इस रोल के लिए आयुष्मान खुराना को अप्रोच किया गया था। वहीं टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि, ड्रीम गर्ल फेम आयुष्मान ने इस फिल्म को करने के लिए हामी भर दी है। इसके अलावा रणबीर कपूर और बंगाली फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर एक्टर प्रसेनजीत चटर्जी का ना भी चर्चा में था। हालांकि, निमार्ताओं की तरफ से इस बारे में अभी तक कोई पुष्टि नहीं की गई थी। लेकिन अब कहा जा रहा है कि, राजकुमार राव सौरव गांगुली की बायोपिक के लिए उनका रोल निभा सकते हैं।

# क्रिकेट के बाद सिंगर बने लसिथ मलिंगा? वाइफ संग गाया रोमांटिक गाना



**श्रीलंका।** श्रीलंका के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा क्रिकेट के बाद अब सिंगर बन गए है। दरअसल, सोशल मीडिया पर लसिथ मलिंगा का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वायरल वीडियो में लसिथ मलिंगा गाना गाते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो सॉन्ग में लसिथ मलिंगा के साथ वाइफ तान्या मलिंगा दिख रही हैं। दोनों कपल का रोमांटिक अंदाज फैंस को खूब पसंद आ रहा है। लसिथ मलिंगा ने अपने अधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से वीडियो शेयर किया है। साथ ही पोस्ट में अपनी वाइफ तान्या मलिंगा को टैक किया है।

सोशल मीडिया पर लसिथ मलिंगा का नया गाना तेजी से वायरल हो रहा है। इसके अलावा सोशल मीडिया यूजर्स लगातार कमेंट्स कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि लसिथ मलिंगा को गाते हुए देखना वाकई शानदार अहसास है। दरअसल, अब तक क्रिकेट फैंस ने लसिथ मलिंगा का रोमांटिक अंदाज नहीं देखा था, लिहाजा इस वीडियो को देखने के बाद यकीन करना मुश्किल हो रहा है। सोशल मीडिया पर वीडियो को देखने के बाद यकीन करना मुश्किल हो रहा है। सोशल मीडिया पर वीडियोतेजी से सुर्खियों बटोर रहा है।

बता दें कि, लसिथ मलिंगा ने 30 टेस्ट मैचों के अलावा 226 वनडे और 84 टी20 मैचों में श्रीलंका का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा आईपीएल में 122 मुकाबले खेले। लसिथ मलिंगा आईपीएल इतिहास के सबसे कामयाब गेंदबाजों में शुमार हैं। लसिथ मलिंगा ने श्रीलंका के लिए 20 टेस्ट मैचों में 101 विकेट लिए।

# दूसरे टी-20 के लिए इंग्लैंड टीम का ऐलानःतेज गेंदबाज एटकिंसन की जगह ब्रायडन कार्स को मौका; कल भारत से चेन्नई में मुकाबला



**चेन्नई।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ दूसरे टी-20 के लिए प्लेइंग-क का ऐलान कर दिया है। मैच 25 जनवरी को एमए चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई में खेला जाना है। कप्तान जोस बटलर ने टीम में एक बदलाव किया है। गस एटकिंसन की जगह तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स को शामिल किया गया है। कोलकाता में सीरीज का पहला मुकाबला खेला गया था, जिसमें इंग्लैंड को 7 विकेट हार मिली थी।

कार्स ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 डेब्यू किया ब्रायडन कार्स ने इंग्लैंड के लिए टी-20कमें डेब्यू 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। कार्स ने अब तक 4 टी-20 मुकाबले खेले हैं। जिनमें उन्होंने 6 विकेट लिए हैं। कार्स पर मई 2024 में सट्टेबाजी के मामले में दोषी पाए जाने के बाद 3 महीने का बैन लगाया गया था। कार्स ने 2017 से 2019 के बीच काउंटी क्रिकेट के कई मैचों पर दांव लगाया था। एटकिंसन खराब प्रदर्शन से बाहर पहले टी20 मैच में एटकिंसन का प्रदर्शन खराब रहा था। उन्होंने 2 ओवरों में 38 रन दिए थे। बुधवार को पहले मैच में हार झेलने के बाद मेहमान टीम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जानकारी दी की विकेटकीपर जेमी स्मिथ को भी 12 खिलाड़ियों की टीम में शामिल किया गया है। आगामी मैचों का आकलन करेंगेः बटलर हार के बाद इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि वे सीरीज के आगामी मैचों के लिए सिचुएशन को समझेंगे। उन्होंने आगे कहा था, जोफ्रा ने शानदार गेंदबाजी की। मार्क वुड भी तेज बॉल डाल रहे थे। कप्तान जोस बटलर ने कोलकाता में शानदार 68 रन बनाए थे। जोफ्रा आर्चर ने 2 विकेट लिए थे। वरुण चक्रवर्ती ने शानदार गेंदबाजी की वरुण चक्रवर्ती की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया था और इंग्लैंड की टीम को 132 पर ऑल-आउट कर दिया था। उन्होंने 3 विकेट लिए थे। बाद में भारत ने तेजी से बैटिंग की और 12.5 ओवर ही 3 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया।

दूसरे टी20 मैच के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन बेन डकेट, फिल सॉल्ट (विकेट कीपर), जोस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन, जैकब बेथेल, जेमी ओवरटन, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद और मार्क वुड।

दूसरे टी20 के लिए भारतीय टीम अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, मोहम्मद शमी, वाशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल और हर्षित राणा।

# बुमराह, जडेजा और जायसवाल को आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में जगह




**मुंबई।** भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह, अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को शुक्रवार को 2024 के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की साल की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में जगह मिली। इंग्लैंड के चार खिलाड़ी भी इस टीम का हिस्सा हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस को कप्तान बनाया गया है। टीम में दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन सहित न्यूजीलैंड के दो खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

आईसीसी की इस ऑल स्टार टीम में जगह बनाने वाले कमिंस एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर हैं। बुमराह ने 2024 में शानदार प्रदर्शन किया और प्रत्येक टीम तथा प्रत्येक उस बल्लेबाज पर दबदबा बनाया जिसे उन्होंने गेंदबाजी की। वह टेस्ट क्रिकेट में 20 से कम की औसत से कम से कम 200 विकेट चटकाने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बने और इतिहास में अपना नाम लिखवाया। बुमराह ने 2024 में 14.92 के औसत से 71 विकेट चटकाए और टेस्ट क्रिकेट में साल में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाज रहे।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 32 विकेट चटकाए लेकिन भारत को पांच मैच की श्रृंखला में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। बुमराह ने साल की शानदार शुरूआत करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ चार मैच में 19 विकेट चटकाए जिसमें विशाखापत्तम में मैच में नौ विकेट भी शामिल हैं। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ स्वदेश में दो मैच में 11 विकेट हासिल किए।

बुमराह न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर सिर्फ तीन विकेट चटका पाए और भारत को 0-3 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा। इस तेज गेंदबाज ने हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। जडेजा ने 2024 में 29.27 के औसत से 527 रन बनाने के अलावा 24.29 के प्रभावी औसत से 48 विकेट भी चटकाए। जायसवाल ने स्वयं को शीर्ष टेस्ट सलामी बल्लेबाज के रूप में स्थापित किया और 2024 में भारतीय बल्लेबाजों के बीच शानदार प्रदर्शन किया।

# फिर बड़ी पारी नहीं खेल सके रोहित, शार्दुल ठाकुर ने जड़ा शतक





**मुंबई।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा रणजी ट्रॉफी में वापसी पर विफल रहे और दूसरी पारी में अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर सके। वहीं, मुंबई के एक अन्य बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी प्रभावित नहीं कर सके और दोनों पारियों में सस्ते में पवेलियन लौटे। रोहित और यशस्वी ने जम्मू कश्मीर के खिलाफ एलीट ग्रुप-ए मुकाबले की दूसरी पारी में मुंबई को अच्छी शुरूआत दिलाई थी और पहले विकेट के लिए 54 रन जोड़े, लेकिन रोहित के आउट होते ही मुंबई की पारी लड़खड़ा गई।

रोहित मुंबई की तरफ से जम्मू कश्मीर के खिलाफ खेलते हुए पहली पारी में 19 गेंद पर केवल तीन रन ही बना पाए थे, लेकिन दूसरी पारी में शुरू में उन्होंने अपने आक्रामक अंदाज का खुलकर प्रदर्शन किया। उन्होंने दूसरी पारी में 28 रन बनाए, जो पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ बंगलुरू टेस्ट की दूसरी पारी में 52 रन के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। रोहित ने अपने वास्तविक खेल की झलक दिखाते हुए उमर नजीर पर छक्का जड़ा तथा आकिब नबी और युद्धवीर सिंह पर भी आकर्षक शॉट लगाए, लेकिन भारतीय कप्तान रणजी ट्रॉफी में लगभग एक दशक बाद वापसी करने पर दूसरी पारी में भी क्रीज पर लंबा समय नहीं बिता पाए।

रोहित पिछले कुछ समय से खराब दौर से गुजर रहे हैं और इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीड से पहले उनकी नजरें फॉर्म में वापसी पर थी जिस कारण उन्होंने रणजी ट्रॉफी में खेलने का फैसला किया। हालांकि, यहां भी उनकी खराब फॉर्म जारी ही रही। रोहित की खराब फॉर्म का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि उन्होंने न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बाद के मैचों में 0, 8, 18, 11, 3, 6, 3 और 9 रन बनाए। मुंबई की पारी लड़खड़ाने के बाद भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने संभाला। शार्दुल ने पहली पारी में 51 रन बनाए थे और अब दूसरी पारी में वह शतक लगाने में सफल रहे। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक शार्दुल 119 गेंदों पर 17 चौकों की मदद से 113 रन बनाकर नाबाद हैं। स्टंप तक मुंबई ने दूसरी पारी में सात विकेट पर 274 रन बनाए हैं और उसकी कुल बढ़त 188 रनों की हो गई है। वहीं, तनुष कोटियान 58 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। शार्दुल और कोटियान के बीच आठवें विकेट के लिए अबतक 173 रनों की साझेदारी हो गई है। रोहित को जम्मू कश्मीर के खिलाफ दूसरी पारी में जीवनदान भी मिला जब नजीर अपनी ही गेंद पर उनका कैच नहीं लपक पाए। रोहित ने इसके तुरंत बाद स्क्वायर लेग के ऊपर से छक्का और फिर चौका लगाया। रोहित हालांकि अपने आक्रामक तेवरों को लंबे समय तक बरकरार नहीं रख पाए और नजीर की गेंद पर मिड विकेट पर आबिद मुश्ताक को कैच देकर पवेलियन लौटे। उन्होंने अपनी पारी में तीन छक्के और दो चौके लगाए। वहीं, यशस्वी भी 51 गेंदों पर 26 रन बनाकर पवेलियन लौटे। यशस्वी और रोहित अच्छी लय में दिख रहे थे, लेकिन युद्धवीर सिंह ने इन दोनों को आउट किया। यशस्वी ने आउट होने से पहले चार चौके जड़े।

### सौराष्ट्र के लिए जडेजा चमके, पंत विफल

रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप डी मुकाबले में सौराष्ट्र ने दिल्ली को 10 विकेट से हराया। सौराष्ट्र की जीत में ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने बड़ी भूमिका निभाई और कुल 12 विकेट झटके। जडेजा ने पहली पारी में पांच विकेट लिए थे, जबकि दूसरी पारी में उन्होंने सात विकेट लिए और दिल्ली के बल्लेबाजों को टिकने नहीं दिया। दिल्ली ने पहली पारी में 188 रन बनाए थे, जबकि सौराष्ट्र ने पहली पारी में 271 रन बनाकर 83 रनों की बढ़त हासिल की थी। लेकिन जडेजा की शानदार गेंदबाजी से दिल्ली की दूसरी पारी 94 रनों पर आउट हुई, इस तरह सौराष्ट्र को जीत के लिए 12 रनों का लक्ष्य मिला जिसे टीम ने बिना विकेट गंवाए हासिल कर लिया। इस मैच में जहां जडेजा का जादू चला, वहीं भारतीय टीम के एक अन्य खिलाड़ी ऋषभ पंत पूरी तरह फ्लॉप रहे। पंत ने पहली पारी में एक रन और दूसरी पारी में 17 रन बनाए।

**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण**
विकास पथ गाजियाबाद
(ISO 9001 :2015 एवं ISO 14001 :2015 प्रमाणित संस्था)

पत्रांक : 250/पी.एम.ए.वाई. (सेल)/2025 दिनांक : 24/01/2025

"सार्वजनिक सूचना"

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिए आवास (शहरी) के अन्तर्गत प्राधिकरण द्वारा विकसित क्षेत्र में योजना सं.–925–41डी. ग्राम रसूलपुर सिकरोड निजी विकासकर्ता मै. ए.टी.एस. ग्रेड रियलटर्स प्रा.लि. के केवल अनुसूचित जन जाति हेतु आरक्षित हेतु 03 (इ.डब्लू.एस.) भवनों हेतु दिनांक 25.07.2024 से 25.09.2024 तक ऑन लाईन योजना प्रकाशित की गई थी, जिसमें कोई भी पात्र आवेदन न आने के कारण उक्त योजना को उपाध्यक्ष महोदय के आदेश अनुसार दिनांक 25.01.2025 से 25.02.2025 तक आवेदन प्राप्त करने हेतु बढाया जाता है। उक्त से सम्बन्धित विस्तृत विवरण/आवेदन पत्र pmay.gdaghaziabad.in पोर्टल पर उपलब्ध है, जिसका लिंक गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.gdaghaziabad.in पर भी उपलब्ध हैं।

अपर सचिव

ई-मेल : helplinegda@gmail.com, : @ Gda Ghaziabad : @ gdagzb
हेल्पलाईन 0120-4418 384, व्हाट्सएपः 9990988004 वेबसाईटः www.gdaghaziabad.in

एक सुन्दर शहर ............ हमारा संकल्प

# 25 लाख के कर्ज के लिए व्यापारी की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार, पैसे देने से बचना चाहता था आरोपी

● मुख्य आरोपी रोहतास ने बलवीर से 25 लाख रुपए उधार लिए थे और पैसे लौटाने की बजाय उसकी हत्या की साजिश रच डाली।




**पुलिस ने व्यापारी का फोन किया बरामद**
गिरफ्तार आरोपियों में रोहतास, जो पारपा गांव का रहने वाला है और साजिद, जो मिट्ठेपुर गांव का निवासी है, शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से मृतक का मोबाइल फोन, हत्या में इस्तेमाल किया गया सफेद गमछा और एक अन्य मोबाइल फोन बरामद किया है।

**हापुड़ करंट क्राइम।** पुलिस ने व्यापारी बलवीर हत्याकांड में बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी रोहतास ने बलवीर से 25 लाख रुपए उधार लिए थे और पैसे लौटाने की बजाय उसकी हत्या की साजिश रच डाली। एएसपी के मुताबिक, 19 जनवरी को 52 वर्षीय बलवीर अपनी प्लैटिना मोटरसाइकिल से गुलावठी जाने की बात कहकर घर से निकले थे। इसके बाद वह लापता हो गए। चार दिन बाद 23 जनवरी को उनका शव धौलाना क्षेत्र में बम्बे के पास से बरामद हुआ। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की और कपूरपुर थाना पुलिस तथा स्वाट टीम ने मिलकर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

जांच में पता चला कि रोहतास ने अपने भाई सोनू और अन्य साथियों के साथ मिलकर बलवीर का अपहरण किया और उसी के गमछे से गला घोंटकर हत्या कर दी। साजिद, जो रोहतास की दुकान पर काम करता था, ने भी इस हत्याकांड में साथ दिया। रोहतास ने साजिद को एक ई-रिक्शा दी थी, जिसके एहसान के बदले में उसने इस जघन्य अपराध में मदद की। इस मामले में दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

# चंचल हत्याकांड में 2 युवकों को पुलिस ने मारी गोली

## बुलंदशहर के युवकों ने गाजियाबाद में पैसों को लेकर विवाद में की थी हत्या



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पुलिस ने चंचल हत्याकांड के 2 आरोपियों को एनकाउंटर में अरेस्ट किया है। पुलिस ने दोनों के पैर में गोली मारी है। दोनों को घायल हालत में अस्पताल ले जाया गया है। मौके से एक बाइक, दो तमंचे और व 3 कारतूस मिले हैं। बुधवार रात नंदग्राम क्षेत्र में दीनदयालपुरी में चंचल की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना के लिए पुलिस की 4 टीमें लगाईं थीं।

पुलिस ने अरुण पुत्र बृजेश निवासी एफ के 6 ग्राउंड फ्लोर मधुवन बापूधाम थाना मधुवन बापू धाम, जिला गाजियाबाद को अरेस्ट किया है। अरुण मूलतः बुलंदशहर के कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ल टांडा का रहने वाला है। दूसरा आरोपी अनुज गौतम उर्फ बाबा पुत्र सोनू निवासी 4 सी काशीराम आवास योजना मधुवन बापूधाम गाजियाबाद है। अनुज भी मूलतः बुलंदशहर के बीबीनगर थाना क्षेत्र के हिंगवाड़ा गांव का रहने वाला है। चंदग्राम थानाम क्षेत्र के नई बस्ती के पास रहने वाला चंचल उत्तराखंड में काम करता था। जहां वह अपनी शादी की 15 वीं सालगिरह मनाने गाजियाबाद आया हुआ था। बुधवार रात करीब 9 बजे वह घर से खाना खाकर घूमने निकला था। इसी दौरान ऑटो स्टैंड के पास बाइक सवार युवकों ने चंचल को गोली मार दी थी। जिसमें एक गोली लगने से उसकी मौत हो गई। पकड़े गए दोनों आरोपियों ने पुलिस को बताया कि पैसों के विवाद में कहासुनी होने पर चंचल को गोली मारी। एक ही गोली में उसकी मौत हो गई।

# भारत रत्न पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की मनायी गई 101वीं जयंती



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारत रत्न पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजी धीरेन्द्र यादव ने किया, कार्यक्रम संचालन राम दुलार यादव ने किया। रामदुलार यादव ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर सामाजिक समरसता के प्रतीक थे। सामाजिक न्याय के लिए लंबे समय तक संघर्ष किए। वे पूरे उत्तर भारत के दलितों, पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों को जगाने का काम किया। 1947 के भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेकर आजादी के लड़ाई में अंग्रेजों के छक्के छुड़ाए। समाज के सबसे पिछड़ा वर्ग को मुख्यधारा में लाने के लिए 26 प्रतिशत आरक्षण दिलाने का काम किया।

आज गांधी, लोहिया, अंबेडकर के बाद किसी का नाम आता है तो वह कर्पूरी ठाकुर का नाम आता है। इस अवसर पर देवकर्ण चौहान, विनोद त्रिपाठी, हुकुम सिंह, राजेन्द्र सिंह, हुकुम सिंह ने देश-प्रेम के गीत सुना सभी को आत्म विभोर कर दिया। रामदुलार यादव नेबखा कि जो आरक्षण की व्यवस्था की थी, जिससे वंचित वर्ग लाभान्वित हो सम्मानजनक जीवन जी रहा था।

आज बेरोजगारी के कारण बेकारी का सामना कर रहा है, महंगाई चरम पर पहुँच गयी है। जातिवाद, भ्रष्टाचार से हम पतन के कगार पर है, हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम कर्पूरी ठाकुर के बताए मार्ग पर चलेंगे। चाहे हमें कितनी भी कठिनाइयों का सामना करना पड़े, हम तभी उनके ऋण को उतार, उनका जन्म दिन समारोह मनाने के अधिकारी हो सकते हैं।

इस अवसर पर डा देवकर्ण चौहान, चन्द्रबली मौर्य, सम्राट सिंह यादव, मुनीव यादव, ब्रह्म प्रकाश, राम नयन यादव, सुरेन्द्र यादव, गुड्डू यादव, अखिलेश शुक्ल, अमर बहादुर, हरिकृष्ण, सुरेश कुमार भारद्वाज, राजीव गर्ग, प्रेम चन्द पटेल, विजय मिश्र, विनोद त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

## युवती अपार्टमेंट की छत से कूदी, मौत

# 5 मिनट बाउंड्री पर बैठी रही, लोग चिल्लाए- पीछे हटो...तभी छलांग लगा दी

● पिछले दो साल से डिप्रेशन में थीं
● उसका इलाज भी चल रहा था।
● ढाई साल पहले हुई थी शादी



**नोएडा, करंट क्राइम।** 32 साल की एक युवती ने अपार्टमेंट की छठी मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया। उस वक्त इंजीनियर पति घर से बाहर था।

युवती 60 फीट ऊंचे अपार्टमेंट के पिछले हिस्से में छत पर बनी बाउंड्री पर पैर लटकाकर बैठी हुई थी। लोगों ने देखा तो शोर मचाया। कहा- पीछे हट जाओ, गिर जाओगी। लेकिन उसने अनसुना कर दिया और कूद गई। अपार्टमेंट के लोगों का कहना है, युवती डिप्रेशन में थी। उसका इलाज चल रहा था। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। हालांकि, अभी तक सुसाइड का कारण सामने नहीं आया है। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें युवती को कूदते हुए देखा गया। पति प्राइवेट फर्म में इंजीनियर, 2 साल से पत्नी डिप्रेशन में मामला थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सफाबाद गांव का है। ईस्ट एवेन्यू सोसाइटी में पूजा (32) और उसका पति सम्राट किराए पर रहते थे। ढाई साल पहले पूजा और सम्राट की शादी हुई थी। सम्राट किसी प्राइवेट कंपनी में इंजीनियर हैं। बताया जा रहा है पूजा पिछले दो साल से डिप्रेशन में चल रही है। उसका इलाज भी चल रहा था। परिवार का कोई सदस्य यहां नहीं रहता है।

बताया जा रहा है कि पूजा के कोई संतान नहीं है। सुबह करीब 9 बजे पूजा किसी बात से परेशान होकर अपार्टमेंट की छत पर पहुंच गई। दीवार पर चढ़ गई। पास के लोगों ने उसे दीवार पर बैठा देखा तो तुरंत शोर मचाना शुरू कर दिया। लोगों ने घटनाक्रम का वीडियो बनाया। पूजा तकरीबन 5 मिनट तक बाउंड्री पर बैठी रही। जब तक कोई उसे बचाने के लिए छत पर पहुंच पाता, तब तक पूजा नीचे कूद चुकी थी। नीचे भवन निर्माण के लिए ईंट-पत्थर रखे हुए थे। जिस पर गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# लेखपाल मुकेश गिरी फार्मर रजिस्ट्री कार्य के लिए हुये सम्मानित



**मोदीनगर करंट क्राइम।** तहसील मोदीनगर राजस्व विभाग में कार्यरत लेखपाल मुकेश गिरी को ग्राजियाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में जिलाधिकारी व जिला विकास अधिकारी ने सयुक्त रूप से उनके द्वारा फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में महत्वपूर्ण योगदान दिये जाने पर सम्मानित किया।

फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में जनपद को प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। इसी क्रम में गाजियाबाद के हिंन्दी भवन में आयोजित हुये एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उप कृषि निदेशक राम रजत मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल व जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सयुक्त रूप से तहसील मोदीनगर में कार्यरत लेखपाल मुकेश गिरी, रामकुमार, गौरव मलिक, अजित चौधरी आदि को फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिये जाने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। यंहा लौटने पर सभी लेखपालों को उनके अधीनस्थों ने स्वागत करते हुये बधाई दी है।

# रोवर्स रेंजर्स के तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का समापन



**मोदीनगर करंट क्राइम।** मुलतानीमल मोदी कॉलेज में 22 जनवरी से चल रहे रोवर्स रेंजर्स के तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का तंबू निर्माण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। इन तीन दिनों में प्रशिक्षक महेश नेहरा ने विद्यार्थियों को भारत स्काउट एवं गाइड के इतिहास एवं महत्व की जानकारी दी एवं उन्हें विभिन्न प्रकार के बंधन एवं गांठों को लगाना सिखाया। इस अवसर पर प्रातः स्काउट गाइड ध्वजारोहण झंडा गीत एवं प्रार्थना का गायन हुआ उन्हें आपदा प्रबंधन आदि से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों की जानकारियां दी गई। शिविर के अंतिम दिन दयानंद रोवर्स दल एवं रानी लक्ष्मीबाई रेंजर्स दल द्वारा तंबू निर्माण कार्य किया गया तथा अलग-अलग प्रदेशों के खान-पान एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रदर्शन भी किया गया। रोवर्स रेंजर्स की गतिविधियों के निरीक्षण के लिए निरीक्षण दल ने निरीक्षण किया एवं रोवर्स रेंजर्स द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर प्रो0 मयंक त्यागी, डॉ0 विवेकशील, रेंजर्स प्रभारी डॉ0 सुनीता सिरोही, रविंद्र कुमार, सौरभ पाल, अरुण कुमार सिंह, रेंजर्स प्रभारी मनजीत व विशाल आदि उपस्थिति रहे।

# आईएएमआर समूह संस्थान में दो दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 23-24 जनवरी, 2025 आईएएमआर समूह संस्थान में दो दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय आयोजन में बी.सी.ए व बी.बी.ए के सैकडों छात्र-छात्रों ने भाग लिया। एबीसी इनवोसोफट, टेक इनसपिरेसन व लुकेट ने जी.डी व साक्षात्कार के माध्यम 10 से ज्यादा लोगों को चयनित किया।

संस्थान के संयुक्त निदेशक पीके वशिष्ठ जी ने बताया कि हमारा संस्थान छात्रों के शैक्षिक और व्यावसायिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर समूह की चेयरपर्सन श्री अंसु बंसल व समूह के सचिव संजय बंसल ने छात्रों को आश्वस्त किया कि संस्थान आने वाले समय में सभी छात्रों को उचित मौके देगा जिससे छात्र अपने कैरियर में अच्छा कर सकें। इस अवसर पर संस्थान के प्लेसमेंट कॉर्डिनेटर पंकज शर्मा ने छात्रों को बताया कि हमारा उद्देश्य छात्रों को उनकी क्षमताओं के अनुसार सर्वश्रेष्ठ अवसर प्रदान करना है। छात्र संस्थान में आयोजित होने वाले अगले ड्राइव के लिए तैयार रहें और अपनी भागेदारी सुनिश्चित करें। इस ड्राइव में मेनेजमेंट डिपार्टमेंट की श्वेता श्रीवास्तव व बी.सी.ए के एच.ओ.डी अभिषेक व अन्य शिक्षक गण मयूरी तायल, दिपक तनेजा व सलमान उपस्थित रहें। सभी छात्र-छात्राएं बड़े उत्साहित दिखे।




# तो खुलासों में सिटी वाले हैं टॉप पर

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में वैसे तो तीन जोन हैं। तीनों जोन में पुलिस व वहां के अधिकारियों का अपना अलग वर्किंग स्टाइल है। तो बीते कुछ दिनों की बड़ी घटनाओं के खुलासे के मामले में सिटी जोन वाले इस लिस्ट की टीआरपी में टॉप पर चल रहे हैं। सूत्र बता रहे हैं कि चाहे सिटी के सबसे टेंशन वाले इलाके में डकैती का मामला हो या फिर उसके बाद लाइन पार में फर्जी लाइसेंस लेने के लिए करवाया गया हमला भी बेहद तेज गति से खोला गया है। तो वहीं नदी के बराबर से सटे वाले थानाक्षेत्र में जिस तरीके से पुलिस ने हत्या के मामले में 24 घंटे के भीतर खुलासे वाला पैगाम दिया है, उसकी चर्चा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जमकर हो रही है। तो उधर देहात और नदिया पार वाले भी लगातार गौ तस्करों पर गन तान रहे हैं। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि इन खुलासों के लिए जितनी मेहनत क्राइम पर काम करने वाले पुलिसकर्मी करते हैं। तो उतना ही प्रेशर और पेन इलाके वाले डीसीपी साहब भी ले रहे हैं। जिस तरह से रोजाना सड़कों पर जाम छलकाने वालों पर नकेल कसने का संदेश दिया जा रहा है उसकी भी खूब तारीफ व चर्चा जारी है। इसके साथ ही सूत्रों से जानकारी मिली है कि वह खुद इलाके के एसीपी और अपने थ्री-स्टारों से किसी भी घटना और खुलासे के लिए खुद भी जुड़ जाते हैं। वैसे वर्तमान में वह पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में दूसरे नंबर के अधिकारी वाली भूमिका में है लेकिन उनका वर्किंग स्टाइल आज भी जमीनी स्तर पर चालू है। यही लाभ उनको खुलासों और गुड वर्किंग के दौरान मिल रहा है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में इन दिनों सिटी वाले साहब और उनके खुलासों के साथ ही वर्किंग स्टाइल की चर्चा पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के कई कार्यालयों और अधिकारियों के बीच भी सुनाई दे रही है। इसके साथ ही चर्चा है कि खुलासों के मामले में इन दिनों सिटी वाला जोन टॉप पर चल रहा है। तीनों ही सर्किल वाले खुलासों पर खुलासे कर रहे हैं। अब देखना होगा कि 26 जनवरी की परेड में जोन का कितना डंका बजता है। कितने पुलिसकर्मियों को पुरस्कार मिलता है और कौन प्रमाण पत्र का हकदार बनता है। कुल मिलाकर इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट में सिटी जोन के खुलासे टीआरपी के मामले में टॉप पर होने की जानकारी मिल रही है।




# राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने किया नेत्र जांच शिविर का आयोजन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्रभारी विवेक त्यागी ने पैतृक आवास सिहानी सद्दीक नगर गाजियाबाद पर प्रातः 10 बजे से श्रेया आई सेंटर इंदिरापुरम द्वारा नेत्र जांच शिविर का आयोजन हुआ तथा गाजियाबाद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी अखिलेश मोहन के द्वारा आयोजित 70+ आयुष्मान कार्ड शिविर में बीपी शुगर आदि की जांच शिविर आरम्भ हुआ।

शिविर का शुभारंभ रिटायर्ड आईएएस अधिकारी ओमवीर सिंह वीरवाल एवं राष्ट्रीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी ने किया। विवेक त्यागी ने सभी से ज्यादा से ज्यादा नेत्र परीक्षण कराकर बीपी शुगर जांच करा कर तथा 70 प्लस के आयुष्मान कार्ड जैसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 5 लाख तक की मुफ्त चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाने का जनता से किया वादा निभाया तथा सभी से ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने की अपील भी की। योगी सरकार की टीबी मुक्त प्रदेश की मुहिम को भी आगे बढ़ाने का काम किया लोगों की शिविर में जांच कराई। सभी क्षेत्रवासियों ने विवेक त्यागी के इस कदम की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य रूप से बाबा विद्यानन्द त्यागी, हरि त्यागी, पंडित अशोक भारतीय, एडवोकेट तेजवीर त्यागी, संदीप त्यागी रसम, दया चंद त्यागी, रामपाल त्यागी मूलचंद त्यागी, अपूर्वा चौधरी, सौरभ यादव, चंदा बाबू, पार्षद नितिन कुमार जोनी, पार्षद सुमन लता पाल, दक्ष त्यागी, मंडल अध्यक्ष हेमंत त्यागी, ललित चौधरी, सत्यम मिश्रा, वीरेंद्र कंडेरे, सीपी सिंह, शिरोमणि त्यागी, विनीता पाल, संगीता वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## आईएमएस यूनिवर्सिटी में हुआ सीएसआर कॉन्क्लेव-2025 का आयोजन

# सांसद अतुल गर्ग ने छात्रों को मोटिवेट किया





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस एवं सेवा इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वावधान में सीएसआर कॉन्क्लेव - 2025 का आयोजन किया गया। जिसका विषय रीइमैजिन सीएसआरः स्ट्रेटेजिक पाथवेज टू सस्टेनेबल इम्पैक्ट रहा।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि वाणिज्य और उद्योग मंत्री पियूष गोयल (ऑनलाइन माध्यम से जुड़े), अतुल गर्ग (मेंबर ऑफ पार्लियामेंट, गाजियाबाद), आईएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन के जनरल सेक्रेटरी सीए (डॉ) राकेश छारिया, मृगांक पारांजपे, सीए राकेश मित्तल, नन्द किशोर अग्रवाल, राघव, श्याम, महेंद्र कुमार, अभिनव गोपाल एवं संस्थान के निदेशक डॉ. अरुण कुमार सिंह द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम को तीन सत्रों में बांटा गया।

मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं देते हुए नारी सशक्तिकरण एवं विकास की बात की। गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने छात्रों को मोटिवेट किया। राघव गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में 100 से अधिक सामाजिक संगठन और 100 से अधिक कॉर्पोरेट घरानों के प्रतिनिधि ने भाग लिया। सौरव पांडिया ने कहा कि यह कार्यक्रम एक ऐसा माध्यम है जिसके जरिये सीएसआर की समझ को विकसित और एक मंच पर सामाजिक संगठन और कॉर्पोरेट घरानों को लाने का प्रयास किया जाता है। संस्थान के निदेशक ने कार्यक्रम के महत्व को बताते हुए इसकी सराहना की। कार्यक्रम के दौरान साई फाउंडेशन के दिव्यांग छात्रों ने एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्य अतिथि एम्बेसडर हर्षवर्धन श्रींगला (पूर्व विदेश सचिव, भारत गणराज्य और जी 20 -मुख्य समन्वयक) रहे। साथ ही सौरभ पंड्या (निदेशक सेवा इंटरनेशनल) एवं श्याम (जनरल सेक्रेटरी, सेवा इंटरनेशनल) भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन गोविन्द माधव द्वारा उपस्थित जन का धन्यवाद कर किया गया।

## एसआरएस महाविद्यालय में रोजगार मेला आयोजित 6 छात्रों का हुआ चयन



**मोदीनगर करंट क्राइम।** एसआरएस महाविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें छह छात्रों को चयन किया गया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित हुये मेले में वराहमर्ति फ्लेक्सीरब इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड मेरठ द्वारा एचआर अंस्सिटेंट अकाउंट्स व गुणवता विभाग में 20 पदों की भर्ती के लिए साक्षात्कार लिये गयें। जिसमें गुणवता विभाग में 04, एचआर विभाग में 01 व अकाउंट विभाग में 01, कुल 06 छानों का चयन किया गया साक्षात्कार के उपरांत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ॰ अजय कुमार गर्ग, सचिव अजय शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य विजय शर्मा व रुचिन शर्मा ने चयनित छात्रों को बधाई दी।

# उत्थान फाउंडेशन ने 76वें गणतंत्र दिवस पर छात्रों व शिक्षकों को किया सम्मानित



**मोदीनगर करंट क्राइम।** प्रसिद्व सामाजिक संस्था उत्थान फॉउंडेशन ने 76वें गणतंत्र दिवस छात्रों व शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट योगदान और उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के समक्ष अपनी कला और पेंटिंग प्रस्तुत करने के लिए दिया गया। छात्रों ने 5 जनवरी को साहिबाबाद से नई अशोक नगर तक आरआरटीएस (रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम) के उद्घाटन के अवसर पर अपनी कलाकृतियां प्रधानमंत्री को भेंट की थीं।

आईआईएफए ;इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स के छात्रों मेघा दीक्षित, आदित्य वर्मा, अनमोल त्यागी, तनीषा, आयुष रस्तोगी, सिद्धार्थ गौतम और शैली शर्मा ने अपनी अद्भुत कलाकृतियों के माध्यम से प्रधानमंत्री को प्रभावित किया और पूरे शहर का मान बढ़ाया। उनके साथ उनके मेंटर्स और शिक्षक भी शामिल थे। जिन्हें इस अवसर पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। जिसमें इंस्टिट्यूट के प्रबंधक डॉ0 संघर्ष शर्मा, डॉ0 रूचि विद्यार्थी, दीपांशु सिंह, प्रीती शर्मा व प्रशांत झा मुख्य रहे।सम्मान समारोह में उत्थान फाउंडेशन की संस्थापक सचिव डॉ0 सोनिका जैन ने बताया कि डॉल्फिन पब्लिक स्कूल की छात्रा अनुष्का शर्मा को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया।

अनुष्का ने आरआरटीएस के उद्घाटन के दिन प्रधानमंत्री के सामने अपनी कविता प्रस्तुत की, जिसे प्रधानमंत्री ने न केवल सराहा बल्कि अपनी शुभकामनाएं व आशीर्वाद भी दिए। डॉ0 सोनिका जैन ने कहा कि यह सम्मान केवल छात्रों और शिक्षकों के लिए नहीं बल्कि पूरे मोदीनगर के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे मौकों से छात्रों को अपनी कला और प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। कार्यक्रम को सफल बनाने मे संस्था की महिला सदस्य रूचि गुप्ता, गजाला बारी, कामाक्षी माहेश्वरी, कविता गुप्ता, अलका चौधरी, ज्योति रानी, शिप्रा जैन व रितु कपूर का विशेष योगदान रहा।

## व्यापारियों के हमदर्द बने पूर्व विधायक सुदेश शर्मा



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** दो दिन पूर्व नगर पालिका के बुलडोजर ने अनेक व्यापारियों की दुकानों को तोड़ दिया। जिसमें व्यापारी साथियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने भाजपा नेता पूर्व विधायक सुदेश शर्मा से मुलाकात कर अपनी समस्याओं को रखा। पूर्व विधायक ने बिना देरी करे मौके पर पहुंचकर रुकमणि फल मार्केट का निरीक्षण किया और व्यापारियों को साथ लेकर नगर पालिका परिषद पहुंचे। व्यापारियों की बात को बुलंद तरीके से रखा गया। पालिका परिषद ने चेयरमैन विनोद वैशाली से आग्रह करके व्यापारियों को नई जगह पक्की दुकानें दिलाने का वादा पूर्ण किया। पालिका परिषद अध्यक्ष ने पूर्व विधायक सुदेश शर्मा की उपस्थिति में व्यापारी साथियों को नई जगह आवंटित करने की घोषणा की। इस मौके पर पालिका परिषद के अंदर पूर्व विधायक सुदेश शर्मा के जिंदाबाद नारे से गूंज उठा।

# मंडल अध्यक्ष विनीत त्यागी के नेतृत्व में चलाया गया संविधान गौरव अभियान



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा मंडल के वार्ड-36 प्रहलाद गढ़ी व वार्ड-89 वैशाली के प्राथमिक विद्यालयों में शुक्रवार को दोपहर में संविधान गौरव अभियान पत्रक वितरण कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष विनीत त्यागी के नेतृत्व किया गया। मंडल अध्यक्ष विनीत त्यागी ने बताया कि वसुन्धरा मंडल के वार्ड-36 व वार्ड-89 के प्राथमिक विद्यालयों में संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में देश के संविधान पर बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर आधारित कविता पाठ, प्रश्नोत्तर व निबंध प्रतियोगिता करवाई। साथ ही बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां भी की गईं। तत्पश्चात सभी बच्चों को पुरस्कार रूपी पाठ्य सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर वसुंधरा मंडल के अध्यक्ष विनीत त्यागी, पार्षद प्रतिमा शर्मा, पार्षद राजकुमार भाटी, पार्षद नरेश भाटी, महामंत्री कान्ति त्यागी, वार्ड अध्यक्ष राजीव शर्मा, मंडल मंत्री मदन बिष्ट, लव कुमार, अमरेश चौधरी, विशाल चौधरी, राहुल तिवारी, निशांत त्यागी, हिमांशु गिरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिर्हसल पूर्ण 26 को होगी परेड



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिर्हसल शुक्रवार को पुलिस लाईन में आयोजित की गई। इस दौरान पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र सलामी लेते हुए। परेड कमांडर के रूप में आईपीएस लिपि नगायच ने मार्च पास्ट में भाग लिया। इस दौरान परेड कमांडर पुलिस कमिश्नर और डमी मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण किया। साथ ही पुलिस जवानों की अलग-अलग टोली भी परेड में शामिल हुई। परेड के दौरान डीसीपी लाईन सुरेन्द्र नाथ तिवारी, एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जीडीए ने शुरू कराया 'हम तुम रोड' का टोटल स्टेशन सर्वे

## सोसाइटी एवं स्थानीय निवासियों को मिलेगी सुचारु आवागमन की सुविधा और ट्रैफिक से निजात











**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) क्षेत्रीय विकास और यातायात समस्या के समाधान के लिए एक और अहम कदम उठा रहा है। उपाध्यक्ष अतुल वत्स के नेतृत्व में 24 मीटर जोनल प्लान रोड (हम तुम रोड) का कायाकल्प किया जा रहा है।

इस सड़क का टोटल स्टेशन सर्वे जीडीए के जोन-1 की टीम द्वारा किया जा रहा है। हम तुम रोड के निर्माण से दिया ग्रीन, निलाया ग्रीन्स, महक जीवन, मीडोज विस्टा, और मोती रेजीडेंसी जैसी प्रमुख सोसाइटियों को जोड़ने वाला यह मार्ग स्थानीय निवासियों के लिए वरदान साबित होगा।

इस क्षेत्र में ट्रैफिक की समस्या अत्यधिक है, जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है। सड़क के निर्माण से यह समस्या दूर होगी और सुचारु यातायात सुनिश्चित किया जा सकेगा।

**योजनाबद्ध विकास और राजस्व वृद्धि :** हम तुम रोड के निर्माण से न केवल स्थानीय निवासियों को आवागमन की सुविधा मिलेगी, बल्कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को मानचित्र स्वीकृति, विकास शुल्क और कंपाउंडिंग फीस के माध्यम से राजस्व में वृद्धि का लाभ भी मिलेगा। यह परियोजना क्षेत्र के सुनियोजित विकास एवं तमाम सोसाइटी निवासियों की मांग को पूरा करेगी।

### उपाध्यक्ष का निरीक्षण और सख्त कार्रवाई

**करंट क्राइम।** 18 जनवरी 2025 को उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने संबंधित अधिकारियों के साथ इस सड़क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क पर मौजूद अवैध निर्माणों को हटाने के सख्त निर्देश दिए गए। इन निर्देशों का पालन करते हुए प्राधिकरण ने अवैध निर्माणों पर तत्काल ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए सीलिंग और ध्वस्तीकरण कार्य किया। यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी, ताकि सड़क निर्माण कार्य को समय पर पूरा किया जा सके।

# बिन पानी सब सून : वार्ड 34 में बोरिंग की 11 मोटर खराब, पानी के लिए परेशान हो रहे लोग







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शहीदनगर वार्ड 34 में कई माह से बोरिंग की मोटर खराब होने से कई मोहल्लों में पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। इससे लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। इसकी जानकारी क्षेत्रीय पार्षद खुर्शीद कल्लन बेगम ने अधिकारियों को भी दे दी है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में जलकल विभाग के जीएम कामाख्या प्रसाद का कहना है कि वार्ड में टैंकर भिजवाए जा रहे हैं, जल्द ही मोटर को सही करवा दिया जाएगा। वही जो दोषी कर्मचारी है उनके खिलाफ नोटिस भेज कर कार्रवाई की जाएगी।

पार्षद खुर्शीद कल्लन बेगम ने बताया कि वार्ड 34 में सी ब्लॉक में 5 माह से मोटर खराब है, अग्रवाल पैकर्स के पास पिछले 4 माह से मोटर खराब है, वहीं सुनहरी मस्जिद दो माह से मोटर खराब है। सरदानी 6 माह से मोटर खराब है, सुनहरी मस्जिद के पास 15 दिन से, ए ब्लॉक मंदिर के पास 1 माह, कपूर गली 1 माह से शिव दुर्गा मंदिर की ब्लॉक 1 माह से ट्यूबेल खबर है। वही मदरसे वाली डेढ़ माह से सुनहरी मस्जिद की ब्लॉक 2 माह से सी ब्लॉक डेट वाली गली की ट्यूबवेल पिछले दो माह से खराब है।

इस संबंध में क्षेत्रीय पार्षद ने नगर आयुक्त को भी पत्र लिखकर जानकारी दी है। उन्होंने कहा 11 मोटर खराब होने से पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है, लेकिन कोई भी कर्मचारी व अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### दिल्ली चुनाव में भाजपा की होगी भारी बहुमत से जीत : संजीव त्यागी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद संजीव त्यागी ने बताया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार भाजपा की भारी बहुमत से जीत होगी। इससे पहले की सरकार आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करके सत्ता हासिल की है। इस बार दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी को करारा जवाब देगी और भाजपा को भारी बहुमत से जिताएगी। आम आदमी पार्टी की सरकार में झूठ और लूट का धंधा जोरों पर रहा है। दिल्ली की जनता को इस बार आम आदमी पार्टी को सत्ता से दूर करना होगा और भाजपा की सरकार बनानी होगी तभी दिल्ली का संपूर्ण विकास हो सकेगा।

# शालीमार गार्डन मंडल अशोक भाटी के नेतृत्व में चलाया गया संविधान गौरव अभियान





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शालीमार गार्डन मंडल में पप्पू कलौनी वार्ड 10 व वार्ड -34 शहीदनगर में अध्यक्ष अशोक भाटी के नेतृत्व में संविधान गौरव अभियान चलाया गया। जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा घर घर जाकर बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के सम्मान में भारतीय जनता पार्टी एवं नरेंद्र मोदी, योगी द्वारा किये हुए कार्य को बताया बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचारों एवं विरासत का सम्मान करने के लिए भाजपा के द्वारा किए गए कार्यों को बताया है..। कांग्रेस के द्वारा बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के साथ किए गए अपमानों को भी बताया एवं वर्णन किया। कार्यक्रम संयोजक रोहित वाल्मीकि सहसंयोजक सोनू पहलवान, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजन आर्य बाल्मीकि, तुषार वाल्मीकि, गुरदास पाल, सुनील त्यागी, सुरेश तिवारी, मनीष सैनी, रामनरेश बघेल, दीपक दिवाकर आदि लोग मौजूद रहे।

# नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई गई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 23 जनवरी 2025 दिन गुरुवार शाम 3.30 बजे, अध्यक्ष दया शंकर सक्सेना के निवास स्थान एफ-401, अजनारा इन्टीग्रिटी, राजनगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उनके फोटो पर माल्यार्पण एवं श्री चित्रगुप्त की स्तुति के साथ साथ उपस्थित सदस्यों का परिचय एवं नेताजी के विचारों के बारे में प्रकाश डाला गया। सदस्यों ने देश हित में कायस्थ समाज को मजबूत करने के लिए आवश्यक बताया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष दया शंकर सक्सेना के साथ उपाध्यक्ष विद्या भूषण सक्सेना, अतुल भटनागर, आस्था सौरखिया, दीप्ति श्रीवास्तव, अन्जू सक्सेना, प्रिंसी जौहरी, हरीश श्रीवास्तव, एवं राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, रंजना श्रीवास्तव, नीतू सक्सेना, निर्दोष सक्सेना, किशोर कुमार श्रीवास्तव पत्नी सहित, अमरी जौहरी के अतिरिक्त अनेक पदाधिकारी व चित्रांश उपस्थित रहे।

# वार्ड 20 में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 20 में शुक्रवार को जिला एमएमजी अस्पताल व अभिव्यक्ति फाउंडेशन द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ पार्षद यशपाल पहलवान ने किया, उन्होंने कहा कि लोगों को उनके इलाके में आकर स्वास्थ्य सेवा देकर एमएमजी अस्पताल व अभिव्यक्ति फाउंडेशन सराहनीय काम कर रही है।

शिविर में जिला टीबी एच आई वी कोऑर्डिनेटर निधि त्रिखा द्वारा सभी उपस्थित जन मानस को जागरूक किया गया एवं कार्यक्रम हेतु समन्वय किया गया। इस अवसर पर राहुल वर्मा, सुमन चौधरी, ललित चौधरी, शशिकांत, पप्पू यादव, दिव्य शर्मा , वन्दना झा, राहुल वर्मा, सुमन , ललित, अमित कल्याणी, पवन आदि मौजूद रहे। पार्षद यशपाल पहलवान ने बताया कि शुक्रवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान जन मानस की एचआईवी की जांच की गई।

साथ ही 100 दिवसीय विशेष टीबी अभियान के अंतर्गत उच्च जोखिम समूह के लोगों की भी जांच गई।

### भाजपा पूर्ण बहुमत से दिल्ली में सरकार बनाएगी : अजेंद्र चौधरी

#### 'भाजपा का संकल्प 2 से 3 साल में यमुना पूरी तरह होगी स्वच्छ'



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सहसंयोजक महानगर महापंचायत प्रकोष्ठ भाजपा अजेंद्र चौधरी ने कहा कि इस बार दिल्ली विधानसभा के चुनाव में भाजपा के मुकाबले पर कोई भी पार्टी नहीं है। भाजपा पूर्ण बहुमत से दिल्ली में सरकार बनाएगी। दिल्ली की जनता इस बार आम आदमी के पार्टी के बहकावे में नहीं आएगी। आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली की जनता को झूठ बोल बोल कर ठगा है। दिल्ली में सफाई व्यवस्था बिल्कुल भी ठीक नहीं है। यमुना नदी में नाले का पानी और कूड़ा बहाया जा रहा है जिससे प्रदूषण की समस्या का सामना दिल्ली की जनता को करना पड़ रहा है। इस बार दिल्ली की जनता भारतीय जनता पार्टी को पूरे बहुमत से ला रही है। भारतीय जनता पार्टी के आने के बाद 2 से 3 साल में यमुना पूरी तरह स्वच्छ हो जाएगी। भाजपा सरकार ने पूरे देश में विकास के महत्वपूर्ण काम किए हैं। अब दिल्ली की बारी है भाजपा सरकार दिल्ली को भ्रष्टाचार और लूटपाट से मुक्त करेगी और दिल्ली को स्वच्छ बनाएगी।

### शोक सभा



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा नेता मोहित अरोड़ा के पिता विनय अरोड़ा के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए शहर विधायक संजीव शर्मा उनके आवास पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि विनय अरोड़ा सरल स्वभाव के सम्मानित व्यक्ति थे। संजीव शर्मा ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की । उन्होंने अरोड़ा परिवार के सभी सदस्यों को सांत्वना दी।

### चिन्टू जी





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

### दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा जिलाध्यक्ष सतपाल सिंह ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर एक अनूठा संदेश दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए कहा कि बेटियां हमारी संस्कृति और विरासत की ध्वजवाहक है। सतपाल सिंह की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।